नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 295 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 21 अगस्त 2023



पेज -4 पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने न्याय योजनाओं के हितग्राहियों को 2055.60 करोड़ ...

संयुक्त शिक्षक संघ ने बीईओ एवं सीएमओ के प्रति जताया आभार पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## शहीद वीर नारायण सिंह चौक व सर्व आदिवासी समाज मंगल भवन का किया भूमि पूजन

**आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए**

**रायपुर।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास मंत्री श्री मोहन मरकाम आज जिला मुख्यालय बेमेतरा स्थित टाउन हॉल में ज़िला आदिवासी समाज द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में संसदीय सचिव व विधायक श्री गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक आशीष छाबड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री मोहन मरकाम ने इस



अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह चौक व सर्व आदिवासी समाज मंगल भवन, गुनरबोड़ का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पौने पाँच सालों में समाज के सभी वर्गों के साथ आदिवासी समाज भी शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान, कला-संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से तरक्की कर रहा है। देश-प्रदेश के विकास में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। उन्होंने उपस्थित बच्चों से मन लगा कर पढ़ाई-लिखाई कर आगे बढ़ने की बात कही।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। देवगुड़ियों और घोटुलों को सहेजने और संवारने का काम राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। साथ ही आदिवासी तीज-त्यौहारों के उत्साहपूर्वक आयोजन के लिए आदिवासी परब सम्मान निधि योजना शुरू की गई है। आदिवासी संस्कृति का परिचय देश-दुनिया से कराने के लिए प्रदेश में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की शुरूआत की गई है। विश्व आदिवासी दिवस पर सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

मंत्री श्री मरकाम ने बच्चों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिये। श्री मरकाम ने विश्व आदिवासी दिवस की सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। संसदीय




सचिव व विधायक श्री गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक आशीष छाबड़ा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में पारंपरिक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। महिलाओं ने सुआ नृत्य प्रस्तुत किया।

### एक नजर

## विधायक छन्नी साहू का गला रेतने का प्रयास!



**रायपुर/ राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के खुज्जी की कांग्रेस विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोंधरा में आयोजित कार्यक्रम में बाल-बाल बच गई, जब एक सरफिरे युवक ने चाकू से उनके गले को रेतने का प्रयास किया। हालांकि खुद को बचाने के प्रयास में छन्नी साहू का दाहिना हाथ चाकू से लगने के कारण रक्तरंजित हो गया। आरोपी युवक की मौके पर ही पकड़कर गांव वालों ने जमकर खातिरदारी भी कर दी। सूत्रों के अनुसार विधायक छन्नी साहू आज शाम पांच खुज्जी के समीपस्थ ग्राम जोंधरा में अतिरिक्त कक्ष और महिला भवन निर्माण का भूमिपूजन करने पहुंची थीं।

विधायक के आगमन को लेकर गांव वालों ने अपने सारे कामकाज को बंद रखकर त्यौहार मनाया और विधायक छन्नी साहू के आने का इंतजार करते रहे। गांव में विधायक को अपने बीच पाकर लोगों ने गाजे बाजे और फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। उसके बाद विधायक द्वारा निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया।

## मुख्यमंत्री ने 13 नए अनुविभागों और 18 नई तहसीलों का किया वर्चुअल शुभारंभ

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महासमुंद में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती 'सद्भावना दिवस' के अवसर पर नवगठित 13 राजस्व अनुविभाग और 18 तहसीलों का वर्चुअल शुभारंभ किया।



आज से राज्य में 13 नए राजस्व अनुविभाग और 18 तहसीलें अस्तित्व में आ जाएंगी और यहां विधिवत कामकाज शुरू हो जाएगा। इन नवीन तहसीलों एवं अनुविभाग के प्रारंभ होने से राज्य में अब 122 राजस्व अनुविभाग एवं 250 तहसीलें हो गई है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा बीते पौने पांच सालों में शासन-प्रशासन को आम जनता के करीब लाने, प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता और कसावट लाने के उद्देश्य से राज्य में नए जिले, अनुविभागों एवं तहसीलों को बनाए जाने की घोषणा की जाती रही है। वर्ष 2018 में राज्य में जिलों की संख्या 27 थी। 06 नवीन जिलों का गठन होने के बाद राज्य में जिलों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। इसी तरह मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में 13 नवीन अनुविभाग एवं 18 नवीन तहसीलों के गठन की घोषणा की गई थी, जिनका विधिवत शुभारंभ आज किया गया। नवीन अनुविभागों एवं तहसीलों की स्थापना से शासकीय योजनाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं आम जनता तक मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सुगम होगी।

### नवगठित 13 अनुविभाग-

वर्ष 2023 में 13 नवीन अनुविभाग जिला बस्तर अंतर्गत अनुविभाग बकावण्ड, जिला सुकमा अंतर्गत अनुविभाग छिंदगढ़, जिला सूरजपुर अंतर्गत अनुविभाग रामानुजनगर, जिला बालोद अंतर्गत अनुविभाग डौंडी, जिला जशपुर अंतर्गत अनुविभाग फरसाबहार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत अनुविभाग पलारी, जिला गरियाबंद अंतर्गत अनुविभाग छुरा, जिला बीजापुर अंतर्गत अनुविभाग उसूर (आवापल्ली), जिला महसमुंद अंतर्गत अनुविभाग बसना, जिला सरगुजा अंतर्गत अनुविभाग लुण्ड्रा (धौरपुर) एवं अनुविभाग उदयपुर, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर अंतर्गत अनुविभाग केल्हारी तथा जिला बलरामपुर-रामानुजनगर अंतर्गत अनुविभाग शंकरगढ़ का गठन किया गया है।

### मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना

## मुख्यमंत्री ने 50 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज महासमुंद के हाई स्कूल मैदान में राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को राशि के अंतरण कार्यक्रम के पहले ''मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना'' के तहत महासमुंद जिले के लिए 7 तथा संभाग के अन्य जिलों के लिए 43 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाईयों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना को मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर शुरू किया है। जिसके तहत चिकित्सायुक्त 163 मोबाईल वैन के माध्यम से गौठानों, ग्राम पंचायतों तक पहुंच सेवा एवं कॉल सेंटर के माध्यम से जी.पी.एस. लगे मोबाईल वैन एवं पशु चिकित्सा सेवा की मॉनिटरिंग तथा परामर्श सुविधा प्रदान की जाएगी। मुफ्त पशु चिकित्सा सुविधा एवं परामर्श हेतु टोल फ्री नम्बर 1962 जारी किया गया है।

मुख्यमंत्री गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना का प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सभी गौवंश (पशुओं) को वक्त पर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। जिसके लिए इस योजना के तहत आज मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा आज चिकित्सा वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इन चिकित्सा वाहन के द्वारा बीमार पशुओं को घर-घर जाकर ट्रीटमेंट दिया जाएगा। अब राज्य सहित जिले के कोई भी पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर जल्द से जल्द चिकित्सा वाहन को अपने स्थान पर बुलवा सकेंगे और अपने पशुओं का समय पर इलाज करवा सकेंगे।

## सी वोटर के सर्वे में छत्तीसगढ़ में सीएम के लिए 'कका' ही पहली पसंद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चुनाव नजदीक है. चुनावी सरगरगर्मियों के बीच सी- वोटर का सर्वे सामने आया है. इस सर्वे में एक सवाल ये पूछा गया था कि सीएम के चहरे के लिए प्रदेश के लोगों की पहली पसंद कौन है ? जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लोगों ने सबसे ज्यादा पसंद किया।

### कौन है CM पद की पहली पसंद ?



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री पद की पहली पसंद को लेकर भी जनता से सवाल किया गया. सर्वे में शामिल लोगों में से 49 प्रतिशत ने मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपनी पहली पसंद बताया. 24 प्रतिशत लोगों ने बीजेपी नेता और पूर्व सीएम रमन सिंह को अपनी पसंद करार दिया. जबकि 13 प्रतिशत ने टीएस सिंहदेव और 14 प्रतिशत ने अन्य को अपनी पसंद बताया।

### CM के कामकाज से कितना संतुष्ट?

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कामकाज को लेकर भी जनता का मूड जानने की कोशिश की गई. सर्वे में शामिल लोगों में से 46 प्रतिशत ने कहा कि वे सीएम के काम से बहुत संतुष्ट हैं. जबकि 32 प्रतिशत ने कहा कि वे कम संतुष्ट हैं. वहीं 20 प्रतिशत ने असंतुष्ट और 2 प्रतिशत ने पता नहीं कहा.

### सरकार के कामकाज से लोग

*सर्वे में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के कामकाज को लेकर भी सवाल किया गया. सर्वे में शामिल लोगों से पूछा गया कि राज्य सरकार के कामकाज से कितना संतुष्ट हैं?*

## हड़ताली 270 सहायक शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया कारण बताओं नोटिस

### प्रति उत्तर नहीं देने पर होगी एक पक्षी कार्रवाई



**रायपुर।** राजधानी में अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे 270 सहायक शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी लिस्ट में कहा गया है कि निर्धारित समय अवधि में लिखित प्रतिवाद नहीं प्राप्त होता है तो इन शिक्षकों के खिलाफ एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले संचालक लोक शिक्षण ने शुक्रवार को सभी जेडी डीईओ और बीईओ को पत्र जारी कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। 7 राज्य शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक कार्य को छोड़कर हड़ताल पर गए शिक्षकों, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों को सर्वप्रथम अपने स्तर से व्यवहारिक रूप से समझाइश दी जाए। समझाइश के पश्चात भी यदि शिक्षकगण 24 घंटे (आगामी कार्य दिवस) में कर्तव्य स्थल (शाला) में अध्यापन कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं तो उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी करें कि राज्य के विद्यार्थियों, पालकों और मूलतः जनहित में क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इसके पश्चात अनुपस्थित, हड़ताल पर उद्यत शिक्षकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम -166 के तहत विधिवत् अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## अधिकारी ने अपने पद से वीआरएस लेकर थामा कांग्रेस का दामन

### विधानसभा चुनाव लड़ने की जताई इच्छा

**कांकेर।** जिले के कृषि विभाग में पदस्थ भूमि संरक्षण अधिकारी सरजू शोरी ने अपनी शासकीय सेवा से त्यागपत्र दे दिया है. सेवा से त्यागपत्र देकर उन्होंने आज विधायक निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी के समक्ष 25 लोगों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. कांग्रेस प्रवेश के साथ ही उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़ने की भी इच्छा जाहिर की है। कांग्रेस का



दामन थामने को लेकर सरजू शोरी ने कहा कि वह प्रदेश सरकार के कार्यों से बेहद प्रभावित है. सरकार ने किसानों के लिए जिस तरह कार्य किये है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है. वह अब राजनीति में उतर कर लोगों की सेवा करना चाहते है. विधानसभा चुनावी मैदान में कूदने के सवाल पर उन्होंने हामी भरते हुए कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में दावेदारी करेंगे. कांग्रेस पार्टी के दावेदारों की सूची में सरजू शोरी का शामिल होने से टिकट के दावेदारों में खलबली मच गई है.

## आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन से दो गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

### आरोपियों से जब्त किया 20 किलो से ज्यादा गांजा

**रायपुर।** आरपीएफ पोस्ट रायपुर ने शनिवार को 2 गांजा तस्कर को 20 किलो 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. जब्त गांजे की कीमत 2 लाख 5 हजार रुपये बताई जा रही है. टीम ने दोनों आरोपी को



आपरेशन नारकोस के तहत पकड़ा है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर प्लेटफार्म नं 05-06 पर विकलांग शौचालय के पास बताए हुलिए और सामान के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को घेरा बंदी कर पकड़ा गया. दोनों के पास रखे दो पिट्ठू बैग को चेक करने पर उनमें मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया. नाम पता पूछने पर दोनों ने अपना नाम - (1) सर्जेश सिंह ,पिता- शिव बहादुर सिंह, उम्र -20 साल निवासी - ग्राम - मदरो, पोस्ट- परसिया,थाना - जवा, जिला - रीवा (म.प्र.), (2) प्रशांत दुबे पिता विजय कुमार दुबे उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम कढ़ीहाई, पोस्ट कोनी,थाना अतरैला, जिला रीवा (म. प्र.) का रहने वाला बताया।

### निरीक्षण... मतदाता सूची में नाम जोड़ने सहित संशोधन की प्रक्रिया किया निरीक्षण

## कलेक्टर ने युवा मतदाता गौरव चेलक से घर जाकर की मुलाकात

**रायपुर।** जिले में फोटोयुक्त नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण चल रहा है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने और संसोधन इत्यादि कार्य किये जा रहे है। कलेक्टर डॉ. नरेन्द्र सर्वेश्वर भूरे ने इस प्रक्रिया का परीक्षण करने स्वयं युवा मतदाता श्री गौरव चेलक घर पहुँचकर मुलाकात की।

गौरव जिले के ग्रामीण विधानसभा के बिरगांव नगर-निगम वार्ड 26 शुक्रवारी बाजार में निवासरत है। कलेक्टर डॉ. भूरे ने श्री गौरव से पूछा कि उन्हें मतदाता



सूची में किस प्रकार जोड़ा गया। उन्हें इस प्रक्रिया की जानकारी कैसे मिली। इस पर श्री चेलक ने बताया कि यह प्रक्रिया में उन्हें बीएलओ से मदद मिली। कलेक्टर डॉ. भूरे ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र के मधु पिल्ले स्मृति शासकीय प्राथमिक शाला, रायपुर पश्चिम विधानसभा के खमतराई और ग्रामीण विधानसभा के बिरगांव स्थित अडवानी आर्लिकॉन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के मतदान केंद्रों का अवलोकन किया। उन्होंने वहॉ उपस्थित बीएलओ से फार्म 6, 7 और 8 के उपयोग की जानकारी ली और मतदाता सूची में नए मतदाता जोड़ने ओर संसोधन के कार्य को सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर श्री एसडीएम देवेन्द्र पटेल, बिरगांव नगर-निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्री तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।




## छत्तीसगढ़ में अब थमेंगे बदरा, कम होगी वर्षा, कई जिलों में हल्की मध्यम बारिश की संभावना

**रायपुर।** छत्तीशगढ़ में तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। आज भी हल्की मध्यम बारिश होगी। रविवार सुबह से ही राजधानी रायपुर में बादल छाए हुए हैं। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में हल्की मध्यम बारिश हो सकती है।

वहीं कुछ जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। बीते दिनों पांचों संभाग के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई है। शनिवार को राजधानी रायपुर में बारिश के वजह से सड़कें तालाब में तब्दील हो गई है।

मौसम विभाग के अनुसार,



छत्तीसगढ़ में बारिश की गतिविधि में गिरावट आने की संभावना है। प्रदेश के कई जिलों में हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। राजधानी रायपुर में बदल छाए रहेंगे। इसके साथ ही देर शाम बारिश हो सकती है। बीते दिनों प्रदेश के कई जगहों पर हल्की मध्यम बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही कई इलाकों में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई है।

### बारिश के मुख्य आंकड़े सेंटीमीटर में

तखतपुर, भोपालपटनम में 12 सेंटीमीटर, धमतरी,भैरमगढ़ में 11 सेंटीमीटर, कोटा, राजनांदगांव में 8 सेंटीमीटर, चांपा, गुरुर, पेंड्रा रोड, भानूप्रतापपुर, पुसौर, शक्ति, सारंगढ़, धर्मजयगढ़, बरमकेला, अंतागढ़, रायगढ़, लाभांडी में 7 सेंटीमीटर, पंखाजूर, घरघोड़ा, माना-रायपुर-एपी, बीजापुर, लैलूंगा और कांकेर में 6 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई है ।

# अर्थशास्त्र: भविष्य के प्रति कैसी उम्मीद, नई पीढ़ी जानना चाहेगी असुविधाजनक प्रश्नों के उत्तर

15 अगस्त को माननीय प्रधानमंत्री ने हजार साल की गुलामी के अंत और हजार ही साल के गौरव की शुरुआत के बारे में बात की। जाहिर है कि ये दोनों सहस्राब्दियां ठीक उसी जगह और उसी क्षण में मिल रही थीं, जहां वह उस वक्त खड़े थे, और बोल रहे थे। अगर यह वाकई सच होता, तो उनका यह भाषण ऐसी ही पहले घटित कुछ दूसरी घटनाओं की तरह युगप्रवर्तक होता। यह वैसा ही होता, जैसे सिद्धार्थ को बोध की प्राप्ति हुई हो या फिर यीशु का जन्म या फिर पैगंबर मुहम्मद को हुआ रहस्योद्घाटन।

अगर भौतिक नजरिये से देखें, तो यह कुछ वैसा होता, जैसे पेड़ से सेब का गिरना, बिजली की खोज, टेलीफोन का आविष्कार, राइट बंधुओं की पहली उड़ान, परमाणु का विभाजन या फिर चंद्रमा पर मनुष्य के पहले कदम। उस युगांतकारी क्षण का मैं साक्षी न हो सका, इसका मुझे खेद है।

खैर, मैं साक्षी बना रोजमर्रा की एक सांसारिक घटना का। राजदीप सरदेसाई ने इंडिया टुडे पर अपने एक शो में संसद के दो सदस्यों का मुकाबला कराया। इनमें से एक थे भाजपा के जयंत सिन्हा और दूसरे थे कांग्रेस के शशि थरूर। राजदीप ने अपने सवाल इनसे पूछे और दर्शक के तौर पर मौजूद थे कॉलेज के काफी जानकार और स्पष्टवादी छात्र। भारत@100 के बारे में दोनों अतिथियों के शुरुआती वक्तव्यों ने मेरी उत्सुकता बढ़ा दी। जयंत सिन्हा 2047 तक सतत समृद्धि की बात कर रहे थे, जबकि शशि थरूर 2047 तक समावेशी भारत की बात कर रहे थे। इससे मेरे दिमाग में एक सवाल आया कि हम दोनों को क्यों नहीं पा सकते? अपने-अपने राजनीतिक दलों की स्थिति को प्रतिबिंबित करने का दावा करने वाले दोनों सांसदों को सुनकर मेरे मन में एक पीड़ादायक विचार आया कि शायद भारत इनमें से कुछ भी नहीं पा सकता।

### बयानों में बड़ा फर्क

मैं इस आलेख में जयंत सिन्हा द्वारा भारत के संविधान को सुरक्षित रखने, पंथनिरपेक्षता, संघवाद और मानवाधिकार को उनके पूर्ण समर्थन तथा कानून के शासन व जवाबदेहिता बनाए रखने के लिए किए गए उनके वायदे को गहराई से देखना चाहता हूं। मॉडरेटर के सीधे सवालों पर उन्होंने साफगोई से जवाब दिया, हां, आपको विवाह करने, भोजन करने और अपने धर्म को मानने का अधिकार है। बगैर



पलक झपकाए उन्होंने जोर देकर कहा, अपनी पार्टी के भीतर भी हम खुलकर अपने मतभेद व्यक्त कर सकते हैं। मैंने खुद अपनी पार्टी के वरिष्ठों से मिलकर और सभी गंभीर मसलों पर बात की है। जब जयंत सिन्हा से पूछा गया कि उनके ख्याल से 2047 में देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा क्या होगा, तब उन्होंने कहा, स्वतंत्रता और अपने अनुसार जीने की आजादी। मुझे यकीन है कि जयंत सिन्हा ने राजदीप सरदेसाई के शो में जो कुछ कहा, उस पर वह वाकई भरोसा भी

> माननीय प्रधानमंत्री ने नई सहस्राब्दी का बखान करते हुए उन चीजों की तरफ कोई संकेत नहीं किया, जिनका वादा जयंत सिन्हा कर रहे थे। नई सहस्राब्दी को लेकर जो विजन पेश किया जा रहा है, उस पर उठने वाले सवाल बेशक असुविधाजनक हों, पर देश का युवा इनके जवाब जरूर सुनना चाहेगा।

करते होंगे। ठीक इसके अगले दिन हमारे 77वें स्वतंत्रता दिवस के दिन माननीय प्रधानमंत्री 90 मिनट तक बोले। मैंने उनके भाषण का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ा। कुल मिलाकर देखें, तो यह पूरा भाषण मैं और मेरा पर आधारित था। इसमें उनके विचार थे, जो उन्हें लगता है कि पिछले नौ-10 साल की उपलब्धियां रही हैं। और, इसके बाद उन्होंने अपनी चिर-परिचित कोड भाषा में भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण को कोसना शुरू किया। हमें पता है कि उनके निशाने पर कौन हैं। इसमें विपक्षी नेता, गांधी परिवार और मुसलमान शामिल हैं। उसके बाद का उनका भाषण चुनावी रैली के अभ्यास जैसा था। हालांकि सच तो यह है कि पिछले नौ-10 वर्षों में कुछ भी नहीं बदला है। आइए, अब जरा जयंत सिन्हा के बयानों पर लौटते हैं और उन्हें माननीय प्रधानमंत्री के भाषण से जोड़ने की कोशिश करते हैं। जयंत सिन्हा कॉलेज के युवा छात्रों को यह आश्वस्त कर रहे थे कि 2047 का शताब्दी वर्ष एक स्वर्णिम काल होगा। लेकिन माननीय प्रधानमंत्री ने नई सहस्राब्दी का बखान करते हुए उन चीजों की तरफ कोई संकेत नहीं किया, जिनका वादा जयंत सिन्हा कर रहे थे। न उन्होंने संविधान के संरक्षण पर बात की, न पंथनिरपेक्षता या संघवाद पर, न मानवाधिकारों पर, न कानून के शासन पर और न ही जवाबदेही सुनिश्चित करने पर। जाहिर है कि जयंत सिन्हा और माननीय प्रधानमंत्री सहस्राब्दी की तस्वीरों पर अलग-अलग रंग भरते दिखे।

### असुविधाजनक सवाल

जयंत सिन्हा के बयानों को अखबारों, टेलीविजन चैनलों और सोशल मीडिया पर रोज दिखने वाली खबरों के साथ मिलाकर देखते हैं। अगर कॉलेज के युवा छात्रों के पास अपनी पसंद से शादी करने का अधिकार है, तो अपने से अलग जाति या धर्म में शादी करने वाले जोड़ों को मारा, पीटा या परेशान क्यों किया जाता है? अगर कॉलेज के युवा छात्रों को अपनी पसंद के भोजन का अधिकार है, तो कर्नाटक में मांस को लेकर उठने वाले विवाद की क्या वजह रही थी? बजरंग दल, हिंदू महापंचायत और दक्षिणपंथी संगठनों की भूमिका क्या है और वे मुसलमानों और ईसाइयों के प्रति नफरत का जहर क्यों उगलते हैं? सबसे बड़ा सवाल, हमारे चारों तरफ इतनी हिंसा क्यों है? अगर कानून के शासन को बनाए रखने का वादा किया जा रहा है, तो दिल्ली में दंगों, मणिपुर में गृहयुद्ध जैसे हालात और नूंह, हरियाणा में सांप्रदायिक दंगों की वजह आखिर क्या है? गरीबों के आवास और छोटी दुकानों को ढहाने के लिए बुलडोजर का सहारा क्यों लिया जा रहा है?

पी. चिदंबरम

## संपादकीय

### कांग्रेस का विभाजित नेतृत्व

चुनाव वाले राज्यों में कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या विभाजित नेतृत्व की है। कर्नाटक में भी कांग्रेस का नेतृत्व विभाजित था। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार दोनों मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे। दोनों अलग अलग जातीय समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं और दोनों की जातियों का दबाव भी था। लेकिन दोनों को यह बात समझ में आई हुई थी कि चुनाव जीतना है तो एक साथ मिल कर लड़ना होगा। वैसी समझदारी इस समय कम से कम दो राज्यों राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नहीं दिख रही है। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार है और मंजे हुए नेता मुख्यमंत्री हैं इसके बावजूद पार्टी के अंदर तालमेल नहीं है। मध्य प्रदेश में जरूर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच तालमेल दिख रहा है और दोनों ने चुनाव जीतने को प्राथमिकता बनाया है। परंतु यह बात राजस्थान और छत्तीसगढ़ में नहीं दिख रही है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में दोनों मुख्यमंत्रियों की यह प्राथमिकता जरूर है कि चुनाव जीतना है। इसके लिए दोनों बड़ी मेहनत भी कर रहे हैं। लेकिन ऐसा नहीं लग रहा है कि पार्टी के दूसरे नेता और यहां तक कि प्रभारी भी ऐसे मोड में हैं कि हर हाल में चुनाव जीतना है। राजस्थान में हाल के समय तक मुख्यमंत्री गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच खींचतान चल रही थी। अब पार्टी आलाकमान की पहल पर झगड़ा तो बंद हुआ है लेकिन दूरी मिट गई है, यह नहीं कहा जा सकता है। टिकट बंटवारे और प्रचार में दोनों का विवाद उभर कर सामने आए तो हैरानी नहीं होगी। प्रदेश नेतृत्व में टकराव के सवाल पर कांग्रेस के नेता भाजपा की मिसाल देते हैं और कहते हैं कि भाजपा में भी टकराव है और प्रदेश में कई खेमे बन गए हैं। वसुंधरा राजे को किनारे किया जा रहा है और उनके विरोधियों को तरजीह दी जा रही है।

# ओपेनहाइमर, द्वितीय विश्वयुद्ध और यूक्रेन की कामयाबी में अगर-मगर

> अगर आपने ओपेनहाइमर फिल्म देखी होगी, तो महसूस किया होगा कि तीन घंटे की फिल्म होने के बावजूद यह मनोरंजक है। फिल्म में आपने भौतिक विज्ञानी इसिडोर इसाक रबी को देखा होगा, जिन्हें ओपेनहाइमर की अंतरात्मा की आवाज के तौर पर पेश किया गया है।

मैं उन्हें देखकर थोड़ा हैरान हुआ, क्योंकि मेरी जानकारी यह थी कि मैनहटन प्रोजेक्ट के दौरान रबी लास एलामोज के निवासी नहीं थे। लेकिन यह फिल्म ऐतिहासिक रूप से सच घटनाओं को साथ लेकर चलती है = रबी कई बार लास एलामोज आए थे, और ट्रिनिटी बम टेस्ट के समय वहां मौजूद थे।

रबी लास एलामोज में क्यों नहीं थे? वह विश्वयुद्ध से जुड़ी एक दूसरी गोपनीय और महत्वपूर्ण वैज्ञानिक परियोजना का हिस्सा थे। वह दरअसल एमआईटी की रेडिएशन लेबोरेटरी में एडवांस्ड रडार पर काम कर रहे थे। उस युद्ध में मैनहटन प्रोजेक्ट की तुलना में रेडिएशन लेबोरेटरी का प्रभाव कहीं ज्यादा था, क्योंकि उसने ब्रिटेन में विकसित माइक्रोवेब टेक्नोलॉजी को एक ऐसे रडार सिस्टम में बदला, जिसे जर्मन पनडुब्बियां भी ताड़ नहीं पाई। वर्ष 1943 में अटलांटिक के युद्ध में मित्र राष्ट्रों की विजय में इसकी बड़ी भूमिका थी। उस दौरान और भी कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोजें हुईं। जैसे कि जॉन हॉपकिन्स ग्रुप ने प्रॉक्सिमिटी फ्यूज की खोज की, जिससे एंटी एयरक्राफ्ट गन ज्यादा प्रभावी साबित हुए, जो सीधा निशाना बनाए बगैर भी युद्धक विमानों को गिरा सकते थे। तब यह सब कुछ सिर्फ अमेरिका की आर्थिक ताकत के कारण नहीं, बल्कि अमेरिका के सांस्कृतिक



द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अटलांटिक के युद्ध में मित्र राष्ट्रों के पक्ष में चीजें एकाएक बदलने लगी थीं। क्या यूक्रेन युद्ध में भी ऐसा होगा? मैं नहीं जानता। लेकिन जो बात हम सब जानते हैं, वह यह है कि आधुनिक युद्ध सैन्य आक्रामकता के बजाय दिमाग और विचारों के खुलेपन से जीते जाते हैं।

और सामाजिक खुलेपन के कारण भी संभव हो पाया था। फिल्म में एक जगह ओपेनहाइमर कहते हैं कि बम के मामले में हम जर्मनों को उनकी यहूदी-विरोधी सोच के कारण ही मात दे पाए। शरणार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा ने ही जर्मनी के खिलाफ अमेरिका को इतना ताकतवर बनाया। अगर आप इतिहास के प्रेमी हैं, तो ये चीजें आपको आकर्षित करेंगी। पर ये चीजें आज की अमेरिकी राजनीति और यूक्रेन युद्ध के लिए भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। अनेक दक्षिणपंथी अमेरिकी राष्ट्रीय गौरव को सैन्य ताकत से जोड़ते हैं और मानते हैं कि सैन्य शक्ति देहभाषा से आती है। रिपब्लिकन सीनेटर टेड क्रूज की कुख्यात टिप्पणी से भी इस सोच को बल मिला था, जिसमें उन्होंने रूसी सेना की आक्रामकता का जिक्र करते हुए अमेरिका सेना को उससे कमतर बताने की कोशिश की थी। वह यह तक कह गए थे कि कमजोर सेना के कारण ही अमेरिका आज कमजोर है।

हैरानी की बात यह है कि यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना की कमजोरी सार्वजनिक हो चुकने के बावजूद उसकी कथित आक्रामकता का जिक्र किया जाता है। युद्ध सिर्फ सैन्य शक्ति से नहीं जीते जाते। बल्कि मोर्चे पर लड़ने की क्षमता के अलावा युद्ध उत्पादन क्षमता और बौद्धिक सर्जना शक्ति के आधार पर जीते जाते हैं। मैंने द्वितीय विश्वयुद्ध से संबंधित अनेक किताबें पढ़ी हैं। लेकिन जिस किताब ने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया, वह सैन्य इतिहासकार फिलिप्स पीओ ब्रायन की पुस्तक है, हाउ द वॉर वाज वोन, जिसकी शुरुआत ही इस यादगार पंक्ति से होती है, द्वितीय विश्वयुद्ध में कोई भी युद्ध निर्णायक नहीं था। द्वितीय विश्वयुद्ध में मित्र राष्ट्रों ने पहले समुद्र, और फिर आकाश में अपना वर्चस्व जिस तरह साबित किया, उसी से युद्ध का नतीजा तय हो गया था। मित्र राष्ट्रों की उस सफलता के पीछे रबी और एलेन ट्युरिंग जैसे बौद्धिकों का योगदान सर्वाधिक था। रबी किसी भी दृष्टि से सैनिक नहीं थे। ऐसे ही ट्युरिंग ब्लेस्ली ने धुरी राष्ट्रों के गोपनीय कोड तोड़ने का जो काम किया, उससे मित्र राष्ट्रों की जीत आसान हो गई। ओ ब्रायन उन कुछ प्रसिद्ध सैन्य विश्लेषकों में से हैं, जो शुरू से यह मानने से इन्कार करते रहे हैं कि यूक्रेन के खिलाफ रूस आसानी से युद्ध जीत जाएगा। बल्कि उनका मानना है कि यूक्रेन के जवाबी हमले ही आखिरकार निर्णायक साबित होंगे। इस क्षेत्र में मेरा ज्ञान इतना नहीं है कि उनके निष्कर्ष पर टीका-टिप्पणी कर सकूं। लेकिन मैं यह जरूर समझ सकता हूं कि उन्होंने जो यह निष्कर्ष दिया है, उसके कारण क्या हैं। दरअसल यूक्रेन ने बिल्कुल शुरू में ही समझ लिया था कि रूस पर ताबड़तोड़ जवाबी हमले से वह युद्ध जीत नहीं पाएगा। इसलिए उसने द्वितीय विश्वयुद्ध में मित्र राष्ट्रों की रणनीति अपनाई। उसने पैदल रूसी सैनिकों पर छोटे स्तर के हमले शुरू किए।

पॉल क्रुगमैन

## मिला जुला


### सिर्फ 25 किमी की रह गई दूरी

# चांद के सबसे नजदीक पहुंचा हमारा चंद्रयान

**नई दिल्ली।** देशवासियों के लिए रविवार की सुबह एक अच्छी खबर लेकर आई। रविवार देर रात जब पूरा देश नींद के आगोश मे जा चुका था तब चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर चांद के सबसे करीब पहुंच गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुताबिक अब चांद से इसकी दूरी मात्र 25 किलोमीटर रह गई है। इसरो की ओर से बताया गया कि रविवार की देर रात विक्रम लैंडर की रफ्तार को दूसरी बार कम किया गया। इस डीबूस्टिंग प्रक्रिया के बाद लैंडर 25 गुना 135 किलोमीटर की कक्षा में पहुंच गया है। यानी चांद की सतह से इसकी अधिकतम दूरी 100 किलोमीटर और न्यूनतम दूरी 25 किलोमीटर रह गई है। इस सबसे कम दूरी से यह 23 अगस्त को शाम 5 बजकर 47 मिनट पर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने का प्रयास करेगा। इस दौरान इसकी रफ्तार करीब 2 मीटर प्रति सेकेंड के आसपास होगी।

#### विक्रम कराएगा सफल लैंडिंग

लैंडर विक्रम को अब अपने दिमाग पूरा इस्तेमाल करना होगा। यह अपने सेंसर और कैमरों की मदद से लैंडिंग की मुफीद जगह तलाशेगा। फिर अपनी रफ्तार को लगभग शून्य कर लेगा। फिर धीरे-धीरे चांद पर इसके चारों पाएं कदम टिकाएंगे। बताया जा रहा कि 12 डिग्री के झुकाव के साथ चांद पर उतरेगा। इसके बाद प्रज्ञान रोवर इससे बाहर आएगा। वह 14 दिन तक चांद की सतह पर परीक्षण करेगा।



#### चिंता के आखिरी क्षण वाले चरण में है मिशन

वैज्ञानिकों का मानना आने वाले कुछ क्षण इस मिशन के लिए काफी महत्वपूर्ण होने वाले है। इस समय चंद्रयान-3 %चिंता के आखिरी क्षण% वाले चरण में हैं। यह वह समय है जब चंद्रयान-3 अधिक चुनौतीपूर्ण स्थिति में पहुंच गया है। हालांकि इसरो का कहना है कि अभी तक सब कुछ तय कार्यक्रम के हिसाब से चल रहा है। वैज्ञानिकों ने बताया कि किसी भी स्पेस मिशन के अंतिम क्षणों को 'चिंता के आखिरी क्षण' की संज्ञा दी जा ती है। यह वह समय होता है जब लैंडर और रोवर उस ग्रह की सतह पर लैंड करता है।

### एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान कल

**एशिया कप** के लिए टीम इंडिया का ऐलान कल हो सकता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की मेंस सीनियर सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग सोमवार को नई दिल्ली में होगी। जो शुरुआती चर्चाएं सामने आई हैं, उनकी मानें तो हार्दिक पंड्या की जगह जसप्रीत बुमराह को टीम का उप कप्तान बनाया जा सकता है। चीफ सिलेक्टर अजित आगरकर के नेतृत्व में होने वाली इस मीटिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, हेड कोच राहुल द्रविड शामिल होंगे। चयनकर्ता एसएस वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मीटिंग से जुड़ेंगे, क्योंकि अभी वो टीम के साथ आयरलैंड दौरे पर हैं।

### मुजफ्फरपुर के रेस्टोरेंट में 20 सेकेंड में 20 राउंड फायर

# बर्थडे पार्टी में 50 लोग थे, बाहर से गोलियां बरसाते रहे बदमाश

**मुजफ्फरपुर.** मुजफ्फरपुर में एक रेस्टोरेंट में शनिवार (19 अगस्त) रात 20 सेकेंड के अंदर 20 से ज्यादा राउंड फायर हुए। सदर थाना क्षेत्र के एक रेस्टोरेंट में 5 साल की बच्ची के बर्थडे की पार्टी चल रही थी, जहां 50 से ज्यादा लोग खाना खा रहे थे। तभी दो बाइक से आए 4 बदमाशों ने फायरिंग कर दी।

इस फायरिंग का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि कैसे गोलीबारी से रेस्टोरेंट में भगदड़ मच गई। कुछ लोग दूसरी तरफ भाग निकले, कुछ लोगों ने टेबल के नीचे छिपकर जान बचाई। रेस्टोरेंट के शीशे पर 8 गोलियों के निशान मिले हैं। सूचना मिलते ही सिटी एसपी अरविंद प्रताप सिंह, सदर थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार



टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस छानबीन में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

घटना के कई सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। इसमें एक फुटेज में रेस्टोरेंट के बाहर बदमाश ताबड़तोड़ फायरिंग करते दिख रहे हैं। एक फुटेज में दिख रहा रेस्टोरेंट के अंदर शीशे के पास बैठी दो बच्चियां गोली से बाल-बाल बची। एक के बाद एक शीशे में 8 निशान बने। वहीं, एक फुटेज में 4 टेबल पर लोग खाना खाते दिख रहे हैं। गोली चलते ही लोग टेबल के अंदर छिप गए। उन्होंने जमीन पर रेंगते हुए अपनी जान बचाई।

# सनी देओल को 56 करोड़ के लोन का नोटिस- प्रॉपर्टी भी नीलाम होगी

### बैंक ने बकायदा विज्ञापन निकाला

**मुंबई.** सनी देओल को बैंक ऑफ बडौदा की तरफ से नोटिस जारी किया गया है। सनी ने 56 करोड़ रुपए लोन लिया था। सनी यह लोन चुका नहीं पाए, जिसके बाद उन्हें बैंक की तरफ से नोटिस मिला है। लोन न चुका पाने की दशा में उनके जुहू स्थित सनी विला की नीलामी की जाएगी। सनी ने अपने इसी बंगले के बदले लोन लिया था। इसके लिए बकायदा विज्ञापन भी निकाला गया है। बैंक ने जो विज्ञापन



निकाला है, उसमें सनी के गांरटर के तौर पर पिता धर्मेंद्र का नाम है। इसमें नीलामी की डेट 25 सितंबर रखी गई है।

#### 400 करोड़ कमाने की तरफ बढ़ रही गदर-2

सनी की फिल्म गदर-2 जबरदस्त कमाई कर रही है। शनिवार को फिल्म ने 31.07 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। 9 दिन में फिल्म की कुल कमाई 336.20 करोड़ रुपए हो गई है। ये आंकड़े अपने आप में ऐतिहासिक हैं। तकरीबन 70 से 80 करोड़ में बनी यह फिल्म अब 400 करोड़ क्लब में शामिल होने के लिए तैयार है।

## एक नजर

### रूस का लूना-25 स्पेसक्राफ्ट चांद पर क्रैश हुआ



**मॉस्को.** रूस का लूना-25 स्पेसक्राफ्ट क्रैश हो गया है। स्पेस एजेंसी रॉस्कॉस्मॉस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। स्पेस एंजेसी ने बताया कि शनिवार शाम 05:27 बजे उसका स्पेसक्राफ्ट से संपर्क टूट गया था। प्री-लैंडिंग ऑर्बिट बदलने के दौरान इसमें तकनीकी खराबी आई थी। लूना को 21 अगस्त को चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंड करना था। रॉस्कॉस्मॉस ने बताया कि लूना-25 के फ्लाइट प्रोग्राम के अनुसार प्री-लैंडिंग कक्षा (18 चद्व × 100चद्व) में प्रवेश कराने के लिए कमांड दिया गया था। ये कमांड भारतीय समयानुसार शनिवार दोपहर 04:30 बजे दिया गया था। इस दौरान लूना पर इमरजेंसी कंडीशन बन गई क्योंकि स्पेसक्राफ्ट तय पैरामीटर के अनुसार थ्रस्टर फायर नहीं कर पाया। स्पेस एजेंसी ने कहा कि शुरुआती एनालिसिस के नतीजों से पता चलता है कि कैलकुलेशन के अनुसार जो पैरामीटर सेट किए गए थे उन पैरामीटरों से स्पेसक्राफ्ट डेविएट हो गया।

# लद्दाख में सेना के 9 जवानों की मौत- 5 गाड़ियों में 34 जवान लेह से निकले थे, एक ट्रक 60 फीट गहरी खाई में गिरा

**लद्दाख.** लद्दाख में शनिवार को सेना की एक गाड़ी 60 फीट खाई में गिर गई। जिसमें 9 जवानों की मौत हो गई। सेना के काफिले में पांच गाड़ियां शामिल थीं। जिसमें 34 जवान सवार थे। इस हादसे में एक जवान घायल भी है। लेह के स्स्कपीडी नित्या ने बताया कि वाहन के ड्राइवर ने गाड़ी पर कंट्रोल खो दिया। जिससे ट्रक खाई में जा गिरा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने हादसे पर दुख जताया है।

#### काफिले में एंबुलेंस समेत 5 गाड़ियां शामिल थीं

एक एंबुलेंस समेत पांच वाहनों



का काफिला शनिवार शाम को लेह से लद्दाख के क्यारी के लिए निकला था। ये जवान क्यारी में बने सेना के डिवीजनल हेडक्वॉर्टर जा रहे थे। लेह से क्यारी की दूरी करीब 110 किमी है। काफिला क्यारी पहुंचने ही वाला था कि 7 किमी पहले न्योमा के पास सेना का एक ट्रक सड़क से फिसल गया और 60 फीट गहरी खाई में जा गिरा।

आम आदमी पार्टी के संयोजक व मुख्यमंत्री दिल्ली अरविंद केजरीवाल व मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान ने जारी किया छत्तीसगढ़ की गारंटी कार्ड

# छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए केजरीवाल की 9 गारंटी बाकी गारंटी जल्द होगी घोषित

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री दिल्ली अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कल रायपुर के जैन मानस भवन राष्ट्रीय सँगठन मंत्री संदीप पाठक व छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी समेत समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए केजरीवाल की 9 गारंटी की घोषणा की।




जैन मानस भवन में केजरीवाल की गारंटी कार्यक्रम में बस्तर लोकसभा से प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे बेदरकर, लोकसभा अध्यक्ष समीर खान,बिजापुर जिलाध्यक्ष अनिल दुर्गम,बस्तर जिला अध्यक्ष नरेन्द्र भवानी,नारायणपुर जिला अध्यक्ष नरेंद्र नाग,दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष बल्लू राम भवानी,कोंडागांव जिला अध्यक्ष शंकर नेताम समेत समस्त विंग के जिलाध्यक्ष ,ब्लॉक अध्यक्ष सामिल हुए।जिसकी जानकारी प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे बेदरकर ने प्रेस नोट जारी करते हुए दी।

आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता तरुणा ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ने हेतु अपनी कमर कस ली है। पूरे छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा में ग्राम कमिटी तक पार्टी का सँगठन तैयार हो चुका है ।अब पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव के मैदान में उतरने के लिए तैयार है।आगे तरुणा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री दिल्ली व राष्ट्रीय संयोजक आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल व मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान में छत्तीसगढ़ हेतु 9 गारंटी जारी की है बाकी गारंटी जल्द ही उनके सभा में सभा के दौरान घोषित की जाएगी।

आगे तरुणा ने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ता इस गारंटी कार्ड को लेकर घर घर जाकर लोगों को बताने का काम करते हुए एक मौका केजरीवाल को देने हेतु अपील करेंगे।और हर गली हर मोहलले केजरीवाल की गारंटी पहुँचाने का कार्य करेंगे।

तरुणा ने केजरीवाल के गारंटी की विस्तृत जानकारी दी।

1. युवाओं को रोजगार की गारंटी

हर बेरोजगार को रोजगार मुहैया करवाया जाएगा।

जब तक नौकरी नहीं मिलती तब तक हर बेरोजगार को ?3000 महीना बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।

लगभग 10 लाख बेरोज़गारों को सरकारी नौकरी में भर्ती किए जाएंगे।

नौकरियों में भर्ती में सिफारिश और भ्रष्टाचार खत्म कर पारदर्शिता लाई जाएगी आम जनता को नौकरी के अवसर दिए जाएंगे।

2. 300 यूनिट मुफ्त बिजली की गारंटी

दिल्ली और पंजाब की तरह छत्तीसगढ़ में भी हर महीने हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ के सभी गांव और शहरों में बिना कट लगे 24 घंटे बिजली दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर सारे पुराने बकाया घरेलू बिल माफ किए जाएंगे।

3. महिलाओं के लिए गारंटी

18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए स्त्री सम्मान राशि दी जाएगी।

4. शिक्षा की गारंटी

छत्तीसगढ़ के हर बच्चे को अच्छी और फ्री शिक्षा दी जाएगी। दिल्ली की तरह सभी सरकारी स्कूलों को शानदार बनाया जाएगा।

दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ में भी प्राइवेट स्कूलों को नाजायज फीस नहीं बढ़ने देंगे।

सभी कच्चे शिक्षकों को पक्का किया जाएगा। शिक्षकों के सभी खाली पद भरे जाएंगे।

शिक्षकों को शिक्षण के अलावा और कोई भी अन्य कार्य नहीं दिया जाएगा।

5. स्वास्थ्य की गारंटी

दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ के हर नागरिक के लिए मुफ्त और अच्छे इलाज का इंतजाम।

दिल्ली की तरह सभी दवाइयां, टेस्ट और ऑपरेशन मुफ्त किए जाएंगे।

दिल्ली की तरह हर गांव में और वार्ड में मोहल्ला क्लीनिक खोला जाएगा।

छत्तीसगढ़ के सभी मौजूदा सरकारी अस्पतालों को शानदार बनाया जाएगा और नई सरकारी अस्पताल खोले जाएंगे।

सभी रोड एक्सीडेंट मरीजों को पूरे छत्तीसगढ़ में मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी।

6. तीर्थ यात्रा गारंटी

दिल्ली की तरह दास के सभी बुजुर्गों को उनके पसंद के किसी भी पवित्र तीर्थ स्थान की मुफ्त यात्रा करवाई जाएगी।

## ऐतिहासिक धार्मिक स्थल गोबरहीन को विकसित करने जिला स्तरीय दल ने किया परीक्षण

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विकसित करने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की जा रही तैयार

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अपने बेड़मा (केशकाल) प्रवास के दौरान ऐतिहासिक धार्मिक स्थल गोबरहीन (गढ़धनोरा) को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। जिसके अनुसार शनिवार को कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला स्तरीय दल ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने हेतु क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अंकित चौहान के नेतृत्व में बने इस 04 सदस्यीय दल के द्वारा विभिन्न आवश्यकता हेतु रिपोर्ट तैयार कर परीक्षण प्रतिवेदन बनाया गया। जिलास्तरीय दल द्वारा पर्यटन विकास की दृष्टि से गोबरहीन में सर्व सुविधा युक्त





विश्राम गृह, तालाब में सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कर मोटर बोट की सुविधा, आउटलेट नालियों के निर्माण, पहुंच मार्ग की मरम्मत, जोड़ा शिवलिंग मार्ग के स्टॉप डैम पर पुलिया, मिटटी मुरम सड़क एवं पेंच मरम्मत कार्य, पेयजल की अतिरिक्त सुविधा, मंदिर की सीढ़ियों में रेलिंग, आसपास समतलीकरण एवं लैंडस्कैपिंग कार्य, आवश्यक पूजा सामग्री एवं अन्य दुकान हेतु भवन निर्माण, हाईमास्ट लाइट एवं कैंटीन, सामुदायिक क्षेत्र में अतिरिक्त कक्ष मरम्मत की आवश्यकता, जोड़ा शिवलिंग के पास पर्यटकों के लिए पेयजल की सुविधा आदि पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की। इसके लिए दल द्वारा आस पास के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ रामेश्वर महापात्रे, तहसीलदार आशुतोष शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजीव भवन में मनाया गया युवा नेता लोकेश चौधरी का जन्मदिन

**जगदलपुर।** विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन तथा नवनियुक्त अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कांग्रेस परिवार के साथ केक कटवा कर दी जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए यशस्वी जीवन की कामना की

इस अवसर पर विधायक एवं जिलाध्यक्ष ने युवा नेता लोकेश चौधरी के सफल सुखद दीर्घ आयु और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए कहा की युवा शक्ति हमारे संगठन की रीढ़ है और संगठन एक परिवार होने के नाते हम सभी अपने युवा नेता को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं




इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन,शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शुशील मौर्य,अजय बिसाई,रोजविन दास,सेमुअल नाथ,सायमा अशरफ,अनुराग महतो, अंकित सिंह,सादाब, अभिषेक गुप्ता,नीलम कश्यप,विशाल खंबारी,उस्मान रजा, अवधेश झा,महेश द्वीवेदी, गौरव अयंगर,असीम सुता,करण बजाज,आकिब रज़ा, रामेश्वर बिसाई,सोनू कश्यप,शुभ शुक्ला,विवेक राव,अभय सिंह समेत बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जामा मस्जिद पठानपारा के सदर बने हाजी रईस अहमद शकील



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के निर्देशन में पहली बार हुये प्रजातांत्रिक तरीक़े से पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव में राजनांदगांव शहर जामा मस्जि़द सदर के ओहदे पर हाजी रईस अहमद शक़ील साहब 17 मतों से निर्वाचित हुये। नवनियुक्त सदर ने मुस्लिम समुदाय व आमजनों का आभार व्यक्त किया व कहा यह चुनाव अहम रूप से समाज कल्याण व समाज सुधार की दिशा में काम करेगा। उक्त चुनाव में नगर निगम क्षेत्र के सभी 51 वार्डो के मुस्लिम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया ।मतदान के पश्चात देर शाम मतों की गणना की गई ।जिमसें निकटतम प्रतिद्वंदी जावेद अंसारी 17 मतों से पराजित हुये। तहसीलदार मनीष कुमार वर्मा ने प्रमाण-पत्र देकर जीत की घोषणा की। मिली जानकारी के अनुसार छग राज्य वक्फ बोर्ड के आदेशानुसार जामा मस्जिद पठानपारा, राजनांदगांव के मुतवल्ली का चुनाव एसडीएम राजनांदगांव की देख-रेख मे मुतवल्ली मार्गदर्शिका 2022 के अनुसार किया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की जयंती पर कॉग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि मरीजों मे बांटा फल

**कोंडागांव** आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा भारत मे कम्प्यूटर क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गाँधी के जयंती के अवसर पर कांग्रेस भवन कोंडागांव मे जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दिवान के नेतृत्व मे सभी कांग्रेसजनों की मौजूदगी मे श्रद्धांजलि दी गयी मौजूद कॉंग्रेसियों के बिच जिलाध्यक्ष झूमूकदिवान एवं वरिष्ठ कोंग्रेसियो ने राजीव गाँधी के दौर मे हुए कार्यो को गिनाया बताया की कांग्रेस पार्टी ने देश के लिए कितनी योजनाएं बनाई जो आज धरातल मे दिख रहा है आज के भाजपाई मित्र कहते हैँ की कांग्रेस ने इतने वर्षो मे क्या किया है तो वे



जिस स्कूल मे पढ़े हैँ वहाँ से लेकर जिस आधुनिक भारत मे जी रहे हैँ यह सब राजीव गाँधी जी की सोंच है। कॉंग्रेसियों ने श्रद्धांजलि सभा के बाद कोंडागांव जिला अस्पताल पहुंच मरीजों को फल बांटा इस दौरान झूमूकलाल दिवान कैलास पोयाम बुधराम नेताम रितेश पटेल भारत देवांगन तरुण गोलछा बंटी शर्मा तबस्सुम बानो हेमा देवांगन सकुर खान नंदू दिवान नरेन्द्र देवांगन बुधराम कश्यप योगेंद्र पोयाम गन्नू पोयाम अनीता पोयाम ललिता नेताम सुनील रैकवार कामदेव पोयाम रितेश गुप्ता शोभा बघेल आई पी श्रीवास योगेंद्र राठौर सर्वेश सेठिया गीतेश बघेल पर्मेन्द्र देवांगन लक्की सोढ़ी सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे।



## जिले में श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**धमतरी ।** शासन की मंशानुरूप श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं को श्रमिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज धमतरी जिला मुख्यालय स्थित शहीद वीर नारायण सिंह सामुदायिक भवन में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की है और उन्हीं योजनाओं का लाभ आप तक पहुंचने आज मैं आपके बीच आया हूं। उन्होंने श्रमिकों से आह्वान किया कि आप सभी को शासन की इन योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है, क्योंकि जब आपको इन योजनाओं की जानकारी होती है।

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा पहुंची कोंडागांव,संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने दिए आशीर्वचन

**कोंडागांव।** सत्य पर पूर्ण विश्वास ही श्रद्धा है, जो श्रद्धावान है वही ज्ञान की प्राप्ति कर शांति का अनुभव करता है। अध्यात्म ही वह समाधान है जिससे सभी समस्याएं सुलझ जाती हैं। उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर विज्ञान देवजी महाराज ने चिकलपुटी कोंडागांव के ऑडिटोरियम भवन में आयोजित एक दिवसीय जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किये।

अध्यात्म का महाशास्त्र है स्वर्वेद। स्वर्वेद आध्यात्मिक ज्ञान का चेतन प्रकाश है, जिसके आलोक में अविद्या, अंधकार, मिथ्याज्ञान नष्ट होते हैं। यह हमारी आध्यात्मिक यात्रा को सदैव जागृत रखता है। अशांति एवं



वैमनस्य से पीड़ित विश्व मे शांति एवं सौहार्द की स्थापना करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम स्वर्वेद है। जीवन मे स्वर्वेद का आचरण अनन्त ऊंचाइयों तक ले जाता है।

### कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं

महाराज जी ने कहा कि कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं। अच्छाइयां - बुराइयां सबके भीतर है। हमे दुर्बलताओं, कठिनाइयों से घबराना नहीं है। उन कठिनाइयों को दूर करने की जो प्रेरणा, जो शक्ति, जो





सामर्थ्य है वह अध्यात्म के आलोक से, स्वर्वेद के स्वर से एक साधक को अवश्य ही प्राप्त होता है। क्योंकि हमारे भीतर अंतरात्मा रूप से परमात्मा ही तो स्थित है। उन्होंने जय स्वर्वेद कथा के क्रम में कहा कि भारत की आत्मा का नाम ही अध्यात्म है। आध्यात्मिक महापुरुषों के बदौलत ही भारत विश्व गुरु रहा है, विश्वगुरु है और मैं कहता हूं भारत विश्व गुरु रहेगा। संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज की दिव्यवाणी जय स्वर्वेद कथा के रूप में लगभग 2 घंटे तक प्रवाहित हुई। स्वर्वेद दोहों की संगीतमय प्रस्तुति से सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। दिव्यवाणी के पश्चात मुख्य आगंतुकों को संत प्रवर जी के हाथों विहंगम योग का प्रधान सद्ग्रन्थ स्वर्वेद भेंट किया गया।

## एक नजर

### कलेक्टर दीपक सोनी की पहल पर बंधक मजदूरों की तमिलनाडू के नामक्कल से हो रही वापसी



**कोंडागांव।** अधिक परिश्रमिक की लालच में फंसकर कोंडागांव जिले के बंजोड़ा से तमिलनाडू के नामक्कल में मजदूरी करने गए पांच युवाओं की सकुशल वापसी कलेक्टर श्री दीपक सोनी की पहल पर हो रही है। इनमें एक युवक शनिवार को वापसी कर चुका है, वहीं चार युवक रविवार को वापसी कर रहे हैं।

धनोरा थाना क्षेत्र के दिनेश राणा, सेवन राणा, अनय प्रसाद बघेल, गजानंद राणा और भुवनेश्वर अधिक मजदूरी के लालच में फंसकर तमिलनाडू के नामक्कल में काम करने गए थे, जिन्हें बंधक बना लिया गया था। इनमें से एक युवा ने इसकी जानकारी अपने रिश्तेदार को दी। मामले के संज्ञान में आते ही कलेक्टर श्री सोनी ने बंधक युवाओं की सकुशल वापसी के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। अनुविभागीय दंडाधिकारी श्री शंकर लाल सिन्हा तथा केशकाल के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी और श्रम निरीक्षक श्री सोरी ने नामक्कल के पुलिस अधिकारियों से युवाओं की वापसी के लिए संपर्क किया। वहां के पुलिस अधिकारियों ने बंधक युवाओं को छुड़ाकर वापसी के लिए दल गठित किया और शनिवार को इन युवाओं को छुड़ाया। इनमें दिनेश राणा की वापसी शनिवार को करा दी गई, जबकि रविवार को चार अन्य युवाओं की वापसी भी हो गई है। सभी युवा सोमवार शाम तक कोंडागांव पहुंच जायेंगे।

### पूर्व अध्यक्ष नपा कैलाश लड़ेंगे चुनाव ,क्षेत्र क्रमांक 83 से उम्मीदवारी के लिए ब्लॉक अध्यक्ष को दिया आवेदन



**कोंडागांव।** वरिष्ठ कांग्रेसी व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश पोयाम ने आगामी विधानसभा में अपनी दावेदारी करते ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को अपना बायोडाटा सौंपा है। ज्ञात हो कि टिकट के दावेदारों को आवेदन ब्लॉक अध्यक्ष के माध्यम से प्रेषित करना होगा, किसी भी बड़े नेता या चुनाव समिति के सदस्यों से सीधे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।

**ये है कांग्रेस का फार्मूला आवेदन करने का**

- 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में आवेदन लिए जाएंगे।
- दावेदारों से आवेदन की कोई फीस नहीं ली जाएगी। आवेदन पत्र ऑनलाइन अपलोड किया जाएंगे,जिसे भरकर देना होगा
- 24 तारीख अगस्त तक सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नामों को लेकर मीटिंग पूरी कर ली जाएगी।
- ब्लॉक कमेटी 1 से 5 नामों का पैनल बनाकर दे सकती हैं, हांलाकि कमेटी के पास आए सारे आवेदन उन्हें डीसीसी यानी जिला कांग्रेस कमेटी को देने होंगे।
- 26 अगस्त तक ब्लॉक कमेटी के पाए आए आवेदन और उनके प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटी को देने होंगे।
- 29 अगस्त तक हर हाल में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक किया जाना है।
- जिला कांग्रेस कमेटी 3 नामों का पैनल बनाकर पीसीसी यानी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास सौंपेगी। जिसमें सारे आवेदन और प्रस्ताव दोनों ही शामिल होंगे।

ज्ञात हो कि वर्तमान में विधायक मोहन मरकाम जो प्रदेश सरकार में मंत्री हैं उनके अलावा पूर्व मंत्री व अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी भी उम्मीदवारी के दौड़ कोण्डागाँव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 83 से कांग्रेस के टिकट पर भाग्य आजमाने को लेकर अपने समर्थको के साथ लामबंध होते नजर आ रहे हैं ।

### मॉल के पार्किंग से बाइक पार

**रायपुर ।** कलर्स मॉल के पार्किंग में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धर्मेन्द्र बेहरा 33 वर्ष संजयनगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीई 7137 से कलर्स मॉल गया था। जहां पार्किंग में खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े

**रायपुर ।** बुनियाद नगर भनपुरी में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी ई सुरेन्द्र 36 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सोनू मिरी, राजू मिरी, गुलाव व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी गुलाब दास बंजारे 45 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ई सुरेन्द्र व ई उपेन्द्र ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जमीन विवाद को लेकर युवक को पीटा

**रायपुर ।** ग्राम कोसरंगी में जमीन विवाद को लेकर तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोसरंगी निवासी प्रार्थी दुर्गा प्रसाद यादव 38 वर्ष ने थाना में शिकायत किया आरोपी नूतन, खिलेश व शैलेष याद व ने जमीन बंटवारा को लेकर प्रार्थी से विवाद किया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते 10 कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर ।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र के पुलिस टीम ने अभियान चलाकर अवैध शराब बेचते एक महिला सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने न्याय योजनाओं के हितग्राहियों को 2055.60 करोड़ रूपए का किया ऑनलाईन भुगतान

जिले में राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत से किसानों को इस वर्ष अब तक मिले 140 करोड़ 32 लाख 60 हजार रुपये

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के अवसर पर महासमुंद के हाई स्कूल मैदान में न्याय योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों किसानों, मजदूरों, ग्रामीण व पशुपालकों को 2055.60 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन भुगतान किया।






मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मना रहे है और इस अवसर पर न्याय योजनाओं की राशि वितरित की गई है और नवीन राजस्व कार्यालयों का शुभारंभ किया गया है। किसान, मजदूर, गरीब और गौपालकों को 2055.60 करोड़ की राशि सीधे उनके खाते में भेजी गई है। आज के इस समारोह में प्रदेश की 18 नयी तहसीलों और 13 नये अनुविभागीय कार्यालयों का शुभारंभ किया गया है। इन्हें मिलाकार प्रदेश में अब 250 तहसीलें और 122 अनुविभाग हो जाएंगे। पौने पांच सालों में हमने 06 नये जिलों का गठन किया है। प्रदेश में जिलों की संख्या 33 हो चुकी है। हमारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। अभी नीति आयोग ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि छत्तीसगढ़ में पांच सालों में 40 लाख लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का वचुर्अल राशि वितरण कार्यक्रम में आज रायगढ़ जिले के 75 हजार 837 किसानों को द्वितीय किश्त के रूप में 69 करोड़ 3 लाख 91 हजार रुपये की राशि जारी की गई। इस तरह इस वर्ष प्रथम एवं द्वितीय किश्त मिलाकर कुल 140 करोड़ 32 लाख 60 हजार रुपये की राशि जारी की गई है। जिले के 613 राजीव युवा मितान क्लब को तृतीय एवं चतुर्थ किश्त के रूप में 25-25 हजार रुपये की राशि जारी की गई। इस तरह जिले के राजीव युवा मितान क्लबों को सामाजिकए सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधि कार्य हेतु कुल 3 करोड़ 6 लाख 50 हजार की राशि जारी की गई है। इसी तरह मुख्यमंत्री परब सम्मान निधि योजना के तहत रायगढ़ एवं पुसौर के गैर अनुसूचित क्षेत्र के 172 ग्राम पंचायतों को 17 लाख 20 हजार रूपये जारी की गई है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय विकास विभाग मंत्री डॉ. शिव डहरिया, आदिम जाति जनजाति विकास विभाग मंत्री मोहन मरकाम, राज्यसभा सांसद फूलोदवी नेताम, लोकसभा सांसद दीपक बैज सहित छत्तीसगढ़ शासन संसदीय सचिव, विधायक समेत, रायगढ़ जिले से कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं योजना के लाभान्वित हितग्राही उपस्थित रहे।

*** 613 राजीव युवा मितान क्लबों को मिली 3 करोड़ से अधिक की राशि**

**गैर अनुसूचित क्षेत्रों के 172 ग्राम पंचायतों को मिले 17 लाख 20 हजार रुपये की परब सम्मान निधि**

### मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना का हुआ शुभारंभ

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना को मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर शुरू किया है। जिसके तहत जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में यह सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना का प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सभी गौवंश पशुओं को वक्त पर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। योजना के तहत आज मुख्यमंत्री बघेल द्वारा चिकित्सा वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। चिकित्सा वाहन के माध्यम से गौठानों के गौवंश के निरीक्षण के साथ बीमार पशुओं को घर-घर जाकर ट्रीटमेंट भी दिया जाएगा।

## एक नजर

### युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि भगत का हुआ भव्य स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।



छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता युवा भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति जिला एवं नगर मंडल शक्ति की ओर से अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस दौरान जहां बैंड एवं आतिशबाजी के साथ युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदेश अध्यक्ष को फूलों से लाद दिया तो वहीं युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि भगत भी अपने स्वागत से उत्साहित नजर आए तथा उन्होंने सभी युवा साथियों को आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर जी जान से जुट जाने की अपील की प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष रवि भगत जिला महामंत्री अभिषेक शर्मा गोलू के निवास पर पहुंचे तथा उन्होंने शर्मा परिवार सहित युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की एवं उनका हाल.चाल जाना तथा प्रदेश अध्यक्ष के शक्ति आगमन पर जिले के उपाध्यक्ष चिराग अग्रवाल लल्ली ने भी रवि भगत का स्वागत करते हुए उन्हें शक्ति क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से उनका अभिनंदन किया, साथ ही जिला भाजपा कार्यालय शक्ति में प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने युवा साथियों की बैठक ली तथा सभी से आग्रह किया कि विधानसभा के चुनाव के कुछ ही दिन शेष बचे हुए हैं एवं हमारी बूथ स्तर पर सक्रियता ही हमको सत्ता में वापस लौटा सकती है एवं हमें अपने दायित्व का सजगता से निर्वहन करते हुए विधानसभा चुनाव को प्रतिष्ठा के साथ लड़कर जितना है एवं रिकॉर्ड सीटों से जीत दर्ज करनी है।

### भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष चिराग ने सक्ती विधानसभा क्षेत्र के युवाओं से साधा संपर्क

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला सक्ती उपाध्यक्ष चिराग अग्रवाल ने सकती विधानसभा के भाजपा मंडल सकती वार्ड 15 एवं 16 में जाकर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नव मतदाता सम्पर्क के तहत् युवाओं से चर्चा कर नव मतदाताओं को अभिनंदन पत्र भेंट किए।



### नवीन तहसील सरसींवा में है 75 ग्राम और 22 पटवारी हल्का नंबर

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में बिलाईगढ़ विकासखंड के कस्बानुमा ग्राम सरसींवा अब नवीन तहसील बन गया है। साथ ही साथ अधिसूचना जारी होने के दिनांक से नगर पंचायत भी बन जाएगा। इस तहसील में कुल 75 ग्राम हैं, जिसमें 22 पटवारी हल्का नंबर, 47 ग्राम पंचायत, 74 आबाद ग्राम, 1 विरान ग्राम.करनापाली, 1 वन ग्राम.मण्डलपुर, मकबूजा रकबा 14502.045 हेक्टेयर, कुल गैर मकबूजा रकबा 3867.418 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 18379.463 हेक्टेयर, कुल खातेदार 23 हजार 795, कुल जनसंख्या 83 हजार 701 और 3 राजस्व निरीक्षक मंडल सरसींवा, बिलासपुर और गिरसा हैं। सरसींवा तहसील की सीमा पूर्व में सारंगढ़ से, पश्चिम में भटगांव से, उत्तर में जैजेपुर जिल सक्ती, से और दक्षिण में बसना जिला महासमुंदसे जुड़ा हुआ है।

### कापू तहसीलदार बने श्री उज्जवल पाण्डेय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा कार्यालयीन कार्य को सुचारू रूप से संपादित किए जाने हेतु श्री उज्जवल पाण्डेय को कापू तहसीलदार का प्रभार दिया गया है।

## अस्पताल से चोरी गया चार माह का अबोध बच्चा कोरबी से सकुशल बरामद

थाना सिविल लाईन रामपुर एवं थाना बालको, सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही

**कोरबा** । मेडिकल कालेज अस्पताल से चोरी कर लिए गए चार माह के दुधमुंहे बच्चे को पुलिस ने कोरबी से सकुशल बरामद कर लिया है। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में बच्चे को बाहर ले जाते जो तस्वीर कैद हो गई थी। उसका रंग रूप देख कर किशोरी होने का अंदाजा लगाया गया था, पर वह 23 साल की पंडो आदिवासी युवती निकली। बच्चे को अस्पताल से सीधे वह अपने सहेली के घर ले गई और दो दिन से बच्चे को केवल पानी पिला रही थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मेडिकल कालेज अस्पताल में खून की कमी होने की वजह से ग्राम कुरूडीह निवासी अंजू यादव को दाखिल कराया गया था। उसके साथ चार माह का दुधमुंह बच्चा भी था। 17 अगस्त को दोपहर दो बजे किसी अज्ञात लड़की उसके दुधमुंहे बच्चे को उठा कर ले गई। जानकारी मिलने पर स्वजनों हड़कंप मच गया। अंजू की मां धीरा बाई यादव 55 वर्ष ने मामले की रिपोर्ट पुलिस के समक्ष दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को गंभीरता से लिया और जांच पड़ताल शुरू की। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया, तो उसमें एक किशोरी के अस्पताल में दाखिल होने व बच्चा लेकर बाहर निकलते हुई दिखाई दी। इसके आधार पर पुलिस ने अपनी जांच तेज की। पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण ने मामले की जांच के लिए पहली टीम सिविल लाइन रामपुर, दूसरी थाना बाल्कोनगर और तीसरी टीम सायबर सेल कोरबा गठित किया गया। सीसीटीवी कैमरा में मिले फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई आगे बढ़ाई। गुलाबी रंग का ड्रेस पहने युवती अस्पताल से बाहर निकल कर मेन रोड तक जाते दिखी। इसके बाद पुलिस ने मेन रोड में स्थित विभिन्न संस्थानों के सीसीटीवी को देखा, तब आटो में बैठ कर जाते हुए युवती दिखी। पूछताछ के दौरान आटो चालकों ने सीएसईबी चौक में युवती के पास छोड़ना बताया। सीएसईबी चौक में लगे सीसीटीवी में युवती बच्चे के साथ कटघोरा की ओर जाने वाली बस में चढ़ते हुए दिखी। तब पुलिस ने बस चालकों से पूछताछ की इस पर एक बस चालक ने चोटिया बस स्टैंड में छोड़ना बताया। इतनी जानकारी मिलते ही टीम ने चोटिया जाकर आसपास के दुकानदारों ठेलों, बस चालकों एवं आसपास के लोगों को फोटो दिखाकर पूछताछ किया गया। .

मुख्यमंत्री ने किया नया तहसील सरसींवा का लाइव शुभारंभ

## मुख्य अतिथि चन्द्रदेव राय और पदमा मनहर ने किया सरसींवा तहसील का शिलान्यास

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गोधन न्याय योजना सहित कई योजनाओं अंतर्गत राशि वितरण के साथ-साथ राज्य के 13 नये राजस्व अनुविभाग और 18 नई तहसीलों का लाइव शुभारंभ किया गया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष से इस लाइव कार्यक्रम में जुड़कर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्रदेव राय और उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त पदमा मनहर ने जिले के नया तहसील सरसींवा का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में सरसींवा क्षेत्र के नागरिकगण सहभागी बने। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव राय ने कहा कि राजीव गांधी नहीं होते तो ये सूचना क्रांति नहीं होती। सूचना क्रांति से भारत के विकास को चरम सीमा तक पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात के दौरान सरसींवा को तहसील बनाने का वादा किया था और आज उन्होंने पूरा किया। पहले 20 किलोमीटर दूर भटगांव जाना पड़ता था। अब 5.7 किलोमीटर पर तहसील बन गया है। हमारे क्षेत्रवासियों को नजदीक में तहसील का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री बघेल और प्रभारी मंत्री उमेश पटेल के सहयोग से जिले का भरपूर विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री बघेल द्वारा किसानों, गरीबों, वनवासियों और सभी छत्तीसगढ़िया के विकास एवं उद्धार के लिए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के उद्देश्य को मूर्त रूप में स्थापित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कहा कि तहसील बनने में पहले कई बरस बीत जाते थे। लेकिन संसदीय सचिव चंद्रदेव राय के योगदान से सरसींवा तहसील का निर्माण हुआ है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, वन मंडलाधिकारी गणेश यूआर एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में सरसींवा क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।




## सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान का आगाज 21 अगस्त से

तीन चरणों में होगी संचालित, छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को किया जाएगा टीकाकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान .0 कल 21 अगस्त से प्रारंभ होगी। यह अभियान तीन चरणों में संचालित होगी। प्रथम चरण 21 से 26 अगस्त, द्वितीय चरण 20 सितम्बर से 26 सितम्बर एवं तृतीय चरण 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में टीकाकरण सत्र आयोजित कर छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किया जायेगा। अभियान के सफ ल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर से निरीक्षण टीम गठित कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्र स्थलों का भ्रमण कर निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिससे कि अभियान का सफ लता पूर्वक क्रियान्वयन किया जा सके। डॉ. बीपी पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के प्रथम चरण 21 से 26 अगस्त के लिए विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। टीकाकरण हेतु जिले के समस्त विकासखण्ड़ों में सभी वैक्सीन एवं लॉजिस्टिक पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही साथ आईईसी सामग्री.बेनर,, पोस्टर, एवं प्रपत्र का वितरण कर दिया गया है। अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती माताओं जिनका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत कोई भी टीका छूटा है। उनका नियमानुसार टीकाकरण किया जावेगा। स्वास्थ्य अधिकारी ने सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान के दौरान आयोजित सत्रों में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ लेने हेतु आव्हान किया है।




## औपचारिक भेंट मे डीआरएम से रेलकर्मियों के बर्ताव की शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



पिछले लंबे समय से भारत की लाईफ लाईन ट्रेनों का परिचालन बेपटरी हुआ है तो इस अव्यवस्था के शिकार रेल यात्रियों को भी रेलवे के दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। इस संवेदनशील विषय पर रेलवे बिलासपुर डिवीजन के डीआरएम प्रवीण पाण्डेय का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नगर के वरिष्ठ पत्रकार हरेराम तिवारी ने रेल कर्मचारियों का बर्ताव सुधार करने की अपेक्षा व्यक्त की। गौरतलब है कि बीते सप्ताह तीन एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव शुरू करने को लेकर रेल प्रबंधक बिलासपुर प्रवीण पांडेय भी रायगढ पंहुचे थे। इस दौरान मीडिया ने उनसे रेल सेवाओ से जुडे सवाल किये तो विभिन्न रेलयात्री सुविधाओं से जुड़ी हितैषी संस्थाओं ने भी अपनी मांगे रखी। इसी कड़ी में नगर के वरिष्ठ पत्रकार हरेराम तिवारी ने डीआरएम पांडेय से भेंट कर उन्हें ट्रेन मे वरिष्ठ व संभ्रांत यात्रियों को आये दिन हो रही रेलवे स्टाफ की बदसलूकी की शिकायतों से अवगत कराया तथा टीटीई समेत सुरक्षा मे संलग्न रेलवे स्टाफ को व्यवहार मे शालीनता रखने हेतु निर्देशित करने का निवेदन किया। हरेराम तिवारी ने बताया कि ट्रेनों की बिगड़ी चाल के कारण परेशान रेलयात्री यदि सामान्य दर्जे के टिकट के साथ आरक्षित कोच मे सवार हो जाए तो उससे रेलवे स्टाफ एक अपराधी की तरह पेश आता है और सार्वजनिक स्थल पर बेईज्जत करने से गुरेज नहीं करता। फिर चाहे वह वरिष्ठ नागरिक हो या परिवार के साथ सफर कर रहा संभ्रांत व जिम्मेदार नागरिक।

तिवारी ने डीआरएम को बताया कि रेलवे स्टेशन से लेकर चलती ट्रेन में रेलवे स्टाफ के अशालीन व अमर्यादित व्यवहार की शिकायतें आम हो चली हैं लेकिन अपमानबोध के बावजूद किंचित कारणों से रेलयात्री इन मामलों की शिकायत नहीं कर पाते किंतु देश के इतने बड़े उपक्रम के कुछ स्टाफ का बुरा बर्ताव पूरे तंत्र के प्रति रेल यात्रियों मे नकारात्मक भावना को बढ़ावा देता है। वरिष्ठ पत्रकार की शिकायत को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद डीआरएम ने ऐसा करने वाले स्टाफ का यथासंभव नाम साझा करने का अनुरोध करते हुए मौके पर मौजूद रेल अधिकारियों को व्यवहार परिवर्तन पर ध्यान देने की कड़ी नसीहत दी साथ ही जल्द ही रेल कर्मचारियों के व्यवहार मे बदलाव लागू करने का आश्वासन दिया। डीआरएम पांडेय ने वरिष्ठ पत्रकार हरेराम तिवारी का एक गंभीर एंव संवेदनशील विषय पर रेल प्रबंधन को अवगत कराने की जिम्मेदारी के प्रति साधुवाद भी ज्ञापित किया। इस मौके पर डीआरएम के साथ बिलासपुर सीनियर डीसीएम विकास कुमार भी उपस्थित थे।

## अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 की कमाई 100 करोड़ रुपये की ओर




11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म ओह माय गॉड 2 को दर्शकों और समीक्षकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।इसमें अक्षय कुमार, यामी गौतम और पंकज त्रिपाठी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।बेशक ओह माय गॉड 2 को सनी देओल की गदर 2 से भिड़ंत का नुकसान हुआ हो, लेकिन बावजूद इसके टिकट खिड़की पर फिल्म की कमाई 100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ओह माय गॉड 2 ने अपनी रिलीज के 7वें दिन को 5.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 84.72 करोड़ रुपये हो गया है।



## साउथ की खूबसूरत हसीना प्रज्ञा ने वनपीस में ढाया कहर

### हॉटनेस देख यूजर्स हुए घायल

साउथ एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी खूबसूरती से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं।

इन तस्वीरों में उनकी ग्लैमरस अदाएं देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ना सिर्फ साउथ में बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुकी हैं। उनकी हर एक अदाओं पर अक्सर फैंस अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस का दिल मचल गया है। हालांकि लोगों का उनके इस लुक से निगाहें हटाना मुश्किल हो गया है। प्रज्ञा जैसवाल ने अपने इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए ग्रीन कलर का वनपीस ड्रेस पहना हुआ है। अभिनेत्री अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी अंदाज में पोज देते हुए फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ के पुल बांधते नहीं थकते हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपनी परफेक्ट टोंड लेग्स फ्लॉन्ट करते हुए किलर लुक्स दिए हैं। कानों में इयररिंग्स, ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा खूबसूरती से निखारा है।

## अमीषा पटेल ने ज़ाहिर की ऋतिक रोशन के साथ काम करने की इच्छा

अमीषा पटेल मौजूदा वक्त में अपनी फिल्म गदर 2 की सफलता का आनंद उठा रही हैं।11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई यह फिल्म 283.35 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है और 300 करोड़ क्लब में शामिल होने में कुछ ही दूर है।

इन सब खबरों के बीच अब अमीषा ने दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है। इसके साथ उन्होंने ऋतिक रोशन संग काम करने की इच्छा जाहिर की है। अमीषा और ऋतिक साल 2000 में आई फिल्म कहो ना प्यार है में साथ काम कर चुके हैं।

अमीषा ने कहा, मैं दर्शकों और अपने प्रशंसकों को धन्यवाद कहना चाहती हूं। सभी प्यारे लोगों को शुक्रिया। टिकट लेने के लिए लंबी लाइनों में लगना, कई बार जाना और हमारी फिल्मों को देखना किसी चुनौती से कम नहीं है।उन्होंने आगे कहा, किसी भी फिल्म को हिट कराने में दर्शकों का अहम योगदान होता है। हालांकि, दर्शकों के बाद मैं अपने ईश्वर को शुक्रिया कहूंगी। मैं बहुत खुश हूं।

अमीषा ने ऋतिक संग काम करने को लेकर अपनी इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा, मुझे अच्छा लगेगा अगर मुझे ऋतिक के साथ दोबारा काम करने का अवसर मिलेगा। दर्शकों ने कहो ना प्यार है में हमारी केमिस्ट्री को काफी पसंद किया था।उन्होंने आगे कहा, हमारी पहली फिल्म एक रोमांटिक-थ्रिलर थी, लेकिन मैं चाहती हूं कि हम दोनों की दूसरी फिल्म कॉमेडी, शानदार संगीत और ढेर सारा डांस से भरपूर हो क्योंकि हम दोनों ही अच्छे डांसर हैं।



## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने दुनियाभर में पार किया 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा




रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जुलाई में रिलीज हुई थी और ये फिल्म अब तक बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई है. फिल्म को रिलीज हुए 3 हफ्ते हो गए हैं और अब भी ये धमाल मचा रही है.रॉकी और रानी की प्रेम कहानी अब 300 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है. वर्ल्डवाइड रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 300 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है. करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके इसकी जानकारी दी है.

करण जौहर ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- हमारी प्रेम कहानी दुनिया के हर कोने और दिलों तक पहुंच चुकी है. विनम्र और आभारी महसूस कर रहा हूं और खासकर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को दिए प्यार के लिए. थैंकयू.

आलिया और रणवीर की फिल्म इंडिया में भी अच्छा बिजनेस कर रही है. फिल्म जल्द ही 150 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली है. फिल्म ने पहले हफ्ते 73.33 करोड़, दूसरे हफ्ते 47.45 करोड़ और तीसरे हफ्ते 19.24 करोड़ का बिजनेस किया है. जिसके बाद टोटल कलेक्शन 140.02 करोड़ हो गया है.

बॉक्स ऑफिस पर इस समय सनी देओल की गदर 2 और अक्षय कुमार की ओएमजी 2 धमाल मचा रही है. इस बीच भी रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने अपनी जगह बनाई हुई है. फिल्म ने गुरुवार को 1.40 करोड़ का कलेक्शन किया था. रोजाना फिल्म 1 करोड़ से ऊपर का ही बिजनेस कर रही है.

## सीमा हैदर पर बन रही फिल्म कराची टू नोएडा का पहला पोस्टर जारी

पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर खूब चर्चा में रहीं। उन्हें ऑनलाइन गेम पबजी खेलते हुए भारत के सचिन मीणा से प्यार हो गया। सीमा सरहद के पार थीं, लेकिन अपने प्यार के लिए वो पति को छोड़कर नेपाल के रास्ते होते हुए ग्रेटर नोएडा आ गईं। उनके साथ चार बच्चे भी आए। सीमा की लव स्टोरी के बारे में जैसे ही सबको पता चला, हंगामा मच गया। हर तरफ सीमा और सचिन छाए रहे। अब इन पर फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम है- कराची टू नोएडा। अब इसका पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया और दो दिन बाद 20 अगस्त को गाना भी रिलीज होगा।




सीमा हैदर और सचिन मीणा की लव स्टोरी पर अमित जानी की कंपनी जानी फायरफॉक्स फिल्म्स मूवी बना रही है। डायरेक्शन भरत सिंह का है। प्रोड्यूसर अमित जानी हैं और उन्होंने ही लिरिक्स भी लिखे हैं। सिंगर प्रीति सरोज हैं। सीमा का किरदार एक्ट्रेस फरहीन फलक ने निभाया है।

## सनी देओल की फिल्म ने 7वें दिन भी किया बंपर कलेक्शन, 300 करोड़ से बस इंच भर दूर है गदर 2




सनी देओल की लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'गदर 2' ने वाकई इंडियन बॉक्स ऑफिस पर गदर मचाया हुआ है. फिल्म को दर्शकों से भरपूर प्यार मिल रहा है इसी के साथ 'गदर 2' हर दिन कमाई के नए रिकॉर्ड भी बना रही है. फिल्म अपने ओपनिंग डे से ही शानदार कलेक्शन कर रही और रिलीज के 7 दिन बाद भी ये सिलसिला थमा नहीं है. चलिए यहां जानते हैं 'गदर 2' ने अपनी रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है? 'गदर 2' ने रिलीज के 7वें दिन कितने करोड़ कमाए? सनी देओल और अमीषा पटेल की 'गदर 2' अपनी रिकॉर्ड तोड़ कमाई और ऑडियंस से मिल रहे शानदार रिस्पॉन्स के चलते बॉलीवुड को कुछ यादगार पल दे रही है. 'गदर 2' देश भर के सिनेमाघरों में तूफान बनी हुई है और इसने रिलीज के सिर्फ 6 दिनों के भीतर 250 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई भी कर ली है. वहीं अब फिल्म के रिलीज के 7वें दिन यानी गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

'गदर 2' ने सातवें दिन 23.28 करोड़ रुपयों का कलेक्शन किया है. फिल्म 'गदर 2' की कुल कमाई अब 284.63 करोड़ रुपये हो गई है. 'गदर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है और ये फिल्म अब 300 करोड़ के क्लब में शामिल होने से इंचभर दूर है. उम्मीद है कि फिल्म इस वीकेंड पर इस आंकड़े को पार कर लेगी और अपने कलेक्शन में कई करोड़ और जोड़ लेगी।

# खेल

## टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार UAE ने न्यूजीलैंड को हराया

### कप्तान मोहम्मद वसीम की हाफ सेंचुरी, आसिफ ने बनाए नाबाद 48 रन



**मोहम्मद वसीम की 7वीं फिफ्टी**

रन 55 | गेंद 29 | स्ट्राइक रेट 189.66 | 4/6: 4/3

**दुबई।** UAE क्रिकेट टीम ने बड़ा उलटफेर किया है। टीम ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया है। टी-20 क्रि केट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। इस जीत से 3 टी-20 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है। कीवियों ने पहला मुकाबला 19 रन से जीता था। सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला 20 अगस्त को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दुबई में शनिवार को UAE ने टॉस जीतकर फील्डिंग को चुना और न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 142 रन बनाए। 143 रनों का टारगेट UAE के बल्लेबाजों ने 15.4 ओवर में तीन विकेट पर हासिल कर लिया।

अयान अफजल खान प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए।

### कप्तान वसीम ने जमाया अर्धशतक

UAE के कप्तान मोहम्मद वसीम ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 29 बॉल पर 189.65 के स्ट्राइक रेट से 55 रन बनाए। उनके बाद आसिफ खान ने नाबाद 48 और वर्तिया अरविंद ने 25 रनों का योगदान दिया। कीवी टीम की ओर से टीम साउदी, मिचेल सेंटनर और काइल जैमिसन को एक-एक विकेट मिला।

### चापमैन की 5वीं फिफ्टी, कीवियों ने दिया 144 का टारगेट

पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की ओर से मार्क चापमैन ने 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने करियर का 5वां अर्धशतक जमाया। चापमैन ने अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के जमाए। चैड ब्वॉस और जिमी नीशाम ने 21-21 रन का योगदान दिया। UAE के लिए अयान खान ने तीन विकेट हासिल किए, जबकि मुहम्मद जावद उल्लाह ने 2 सफलताएं हासिल की।



**35 बॉल में चैपमैन की हाफ सेंचुरी**

रन 63 | गेंद 46 | स्ट्राइक रेट 136.96 | 4/6: 3/3

## एक नजर

## वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भारतीय कंपाउंड टीम ने जीता दो

### विमेंस टीम ने फाइनल में मैक्सिको और मेंस टीम ने अमेरिका को हराया



**पेरिस।** पेरिस में चले रहे आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-4 में भारतीय कंपाउंड टीम ने शनिवार को दो गोल्ड मेडल जीते हैं। भारतीय मेंस टीम ने फाइनल में यूएसए को 236-232 के स्कोर से हराया। भारतीय टीम में ओजस प्रवीण देवतले, प्रथमेश जावकर और अभिषेक वर्मा शामिल थे।

### रिकर्व टीम ने जीता दो ब्रॉन्ज मेडल

इससे पहले भारतीय रिकर्व टीम ने दो ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। भारतीय पुरुष टीम और विमेंस टीम तीसरे स्थान पर रही। धीरज बोम्मादेवारा, अतानु दास और तुषार शेल्के की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ब्रॉन्ज मेडल के प्लेऑफ मुकाबले में आंद्रेस तेमिनो, युन सांचेज और पाब्लो आचा की स्पेन की टीम को 6-2 (54-56, 57-55, 56-54, 57-55) से हराया। वहीं, भारतीय महिला टीम ने ब्रॉन्ज मेडल के प्ले ऑफ में दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैक्सिको को 5-4 (52-55, 52-53, 55-52, 54-52) (27-25) से हराकर पदक जीता। टीम में अंकिता भकत, भजन कौर और सिमरनजीत कौर शामिल थीं।

### 21 अगस्त को दिल्ली में BCCI की मीटिंग

## एशिया कप टीम पर चर्चा होगी, कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल होंगे

एशिया कप की टीम पर चर्चा के लिए सोमवार को नई दिल्ली में अजीत आगरकर के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मेंस सीनियर सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग होगी। मीटिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल होंगे। इस मीटिंग का सबसे अहम मुद्दा केएल राहुल और श्रेयस अय्यर का सेलेक्शन होगा, जिन पर सबसे ज्यादा नजरें रहेंगी। BCCI ने अभी तक एशिया कप और वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम की घोषणा नहीं की है। जबकि पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों ने पहले ही अपनी एशिया कप टीम की घोषणा कर दी है। वहीं इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप 2023 के लिए प्रोविशनल टीम की घोषणा कर दी है। भारत के तीन प्रमुख खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर चोट की वजह से काफी समय से टीम से बाहर चल रहे थे। हालांकि बुमराह ने आयरलैंड के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज से वापसी कर ली है, और टीम की कमान संभाल रहे हैं। मौजूदा सीरीज में बुमराह की फिटनेस पर सिलेक्टर्स की नजर होगी।



### मेहुली घोष ने दिलाया ओलिंपिक कोटा

## वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज जीता, टीम इवेंट में गोल्ड भी दिलाया

**बाकू।** राइफल शूटर मेहुली घोष ने वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में भारत को पेरिस ओलिंपिक का दसवां कोटा दिला दिया है। मेहुली ने बाकू में चल रही इस प्रतियोगिता के 10 मीटर विमेंस राइफल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

22 साल की मेहुली शनिवार को चैंपियनशिप में भारत को दूसरा गोल्ड दिलाने वाली भारतीय महिला टीम का हिस्सा भी रहीं। इस ब्रॉन्ज के साथ चैंपियनशिप की मेडल टैली में भारत की मेडल संख्या चार हो गई है। भारतीय शूटर अब तक दो गोल्ड और दो ब्रॉन्ज हासिल कर चुके हैं। मेहुली ने चैंपियनशिप के 5वें दिन डबल मेडल जीते। वे 10 मीटर एयर राइफल की विमेंस में ब्रॉन्ज जीतने के साथ विमेंस टीम इवेंट के गोल्ड मेडलिस्ट टीम का हिस्सा भी रहीं। 10 मीटर विमेंस कैटेगरी के इंडिविजुअल फाइनल में मेहुली ने 229.8 पॉइंट्स हासिल किए। चीन की शूटर जियाऊ हांन (251.4) ने गोल्ड और जिलिन वांग (250.2) ने सिल्वर मेडल जीते हैं। इस इवेंट में एक अन्य भारतीय शूटर तिलोत्तमा सेन चौथे नंबर पर रहीं। 15 साल की तिलोत्तमा ने 208.4 पॉइंट्स स्कोर किया। चैंपियनशिप के 10 मीटर विमेंस टीम इवेंट में भारत ने गोल्ड मेडल हासिल किया।



## वर्ल्ड कप के शेड्यूल में फिर बदलाव के आसार

### हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन की BCCI को चिट्ठी, कहा- लगातार दो इंटरनेशनल मैच कराना मुश्किल

हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (HPA) ने वनडे वर्ल्ड कप के शेड्यूल में बदलाव करने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) को लेटर लिखा है। उप्पल के राजीव गांधी स्टेडियम में 9 अक्टूबर को न्यूजीलैंड-नीदरलैंड मैच होना है, वहीं अगले दिन यानी 10 अक्टूबर को पाकिस्तान-श्रीलंका मैच होना है।

सुरक्षा कारणों से पहले भी नौ मैचों का शेड्यूल बदला जा चुका है। 10 अक्टूबर को खेले जाने वाला मैच पहले 12 अक्टूबर को खेला जाना था, लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख में बदलाव की वजह से हैदराबाद में लगातार दो मैच खेले जाने हैं। न्यूज एजेंसी के अनुसार, HCA ने BCCI को लेटर लिखा है। एसोसिएशन ने 9 और 10 अक्टूबर को खेले जाने वाले दोनों मैचों के बीच के लिए समय की मांग की है। उनका कहना है कि सुरक्षा इंतजामों को ध्यान में रखते हुए तारीख में बदलाव किए जाएं। हैदराबाद पुलिस ने बैक-टु-बैक मैच, खासकर पाकिस्तान मैचों के लिए सुरक्षा प्रदान करने पर चिंता जताई है।

**वर्ल्ड कप में भारत के मुकाबले**

| खिलाफ | कहां | कब |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | चेन्नई | 8 अक्टूबर |
| अफगानिस्तान | दिल्ली | 11 अक्टूबर |
| पाकिस्तान | अहमदाबाद | 14 अक्टूबर |
| बांग्लादेश | पुणे | 19 अक्टूबर |
| न्यूजीलैंड | धर्मशाला | 22 अक्टूबर |
| इंग्लैंड | लखनऊ | 29 अक्टूबर |
| श्रीलंका | मुंबई | 2 नवंबर |
| साउथ अफ्रीका | कोलकाता | 5 नवंबर |
| नीदरलैंड | बेंगलुरु | 12 नवंबर |



### वर्ल्ड कप में तीन मैचों की मेजबानी करेगा हैदराबाद


हैदराबाद में कुल तीन मैच खेले जाने हैं। पहला मैच पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के बीच 6 अक्टूबर को खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 9 अक्टूबर को आयोजित होगा। वहीं तीसरा मुकाबला 10 अक्टूबर को खेला जाएगा।

# गौरव पथ का गौरव बचाने अब स्कूली बच्चों ने लिया संकल्प, गौरव पथ पर ही पढ़ाई करने पर मजबूर

## 20 वर्षों से गौरव पथ पर कोयला परिवहन करने वाली कंपनियों का कब्जा

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।





नगर पालिक निगम द्वारा 20 वर्ष पहले नगर के नागरिकों को सुगम मार्ग देने गौरव पथ का निर्माण कराया गया था लेकिन इस मार्ग पर कोयला परिवहन करने वाली कंपनियों की नजर लग गई। एसीबी कंपनी सहित तमाम कोल परिवहन कंपनियों के दैताकर कोयले से भरे हाईवा व डंपर गाड़ियां बेखौफ होकर गौरव पथ मार्ग में कब्जा करते हुए 20 वर्षों से दौड़ रही हैं। गौरव पथ मार्ग पर लगातार भारी भरकम कोयले से लदीं गाड़ियां चलने के कारण यह मार्ग दलदल बन चुका है, कीचड़ और धूल से स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो चुका है स्कूली बच्चों व इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है कई बार इस मार्ग पर दुर्घटनाएं घट चुकी हैं लोगों की जान जा चुकी है बावजूद इसके कोयले से भरी गाड़ियों के गुजरने का सिलसिला थमने का नाम नहीं लिया है, ऐसा नहीं है कि इस मार्ग पर कोल परिवहन रोकने के लिए लोगों द्वारा कदम नहीं उठाया गया है कुछ वर्ष पहले छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने दीपका क्षेत्र में रैली निकालते हुए उग्र आंदोलन किया था इसके बाद प्रेस मीडिया में ताकतवर कंपनी द्वारा खबरें छपवा कर यह बताया गया था कि गौरव पथ मार्ग भारी भरकम कोल परिवहन करने वाले गाड़ियों से मुक्त हो चुका है लेकिन कुछ ही दिनों बाद पुनः कोयले से भारी गाड़ियां चलती दिखाई दी। लेकिन अब स्थानीय लोगों के सब्र का बांध टूटता दिखाई दे रहा है स्थानीय लोगों वह समाजसेवी संगठनों द्वारा आमरण अनशन और अनिश्चितकालीन हड़ताल करते हुए गौरव पथ मार्ग से कोयले से लदी भारी भरकम गाड़ियों के कोल परिवहन को हमेशा के लिए बंद करने और गौरव पथ को इससे मुक्त कराने ताल ठोक दी है। हालांकि प्रशासन के आश्वासन के बाद आमरण अनशन समाप्त कर दिया गया है लेकिन स्थानीय लोगों और समाजसेवी संस्थाओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार 1 हफ्ते से जारी है। अब इस आंदोलन में स्कूली बच्चों ने भी अपना समर्थन देते हुए गौरव पथ मार्ग पर बैठकर पढ़ाई करते हुए गौरव पथ मार्ग पर भारी भरकम कोयले से लदी गाड़ियों के परिचालन और परिवहन पर रोक लगाने आवाज बुलंद की है और हड़ताल पर बैठे लोगों का समर्थन दिया है। लोगों का कहना है कि 20 वर्ष पहले दीपका नगर पालिका क्षेत्र में लोगों के आने जाने के लिए गौरव पथ मार्ग का निर्माण किया गया था लेकिन लगभग 20 वर्षों से ब्ठ कंपनी सहित विभिन्न कोल परिवहन करने वाली कंपनियां ने गौरव पथ मार्ग पर कब्जा करते हुए अपना व्यवसाय चमका रहे हैं जिससे लोगों को आने जाने में भारी कठिनाइयां हो रही हैंए धूल डस्ट और कीचड़ से लोगों का जीना दूभर हो चुका है लोगों में गंभीर बीमारियां पनप रही हैं स्कूली बच्चों को स्कूल भेजने में अभिभावकों को डर बना रहता है। इस मार्ग से गुजरने पर दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है कई बार इस मार्ग पर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिससे लोगों की जान भी जा चुकी है लेकिन ताकतवर कंपनी के चलते स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर विधायक, नेता, शासन प्रशासन व नगर पालिका निगम दीपिका सभी जनता के हित की परवाह न करते हुए खामोश हैं, जनता से जुड़े इस मामले को बीजेपी के 15 साल के शासन काल गुजरने के बाद में भी नहीं सुलझ पाया, लेकिन कांग्रेस के शासन काल में लोगों को उम्मीदें थीं लेकिन कांग्रेस का शासन लगभग 5 वर्ष होने को आया है लेकिन इस मार्ग को मुक्त कराया नहीं जा सका, मजबूरन लोगों के सब्र का बांध टूट गया और स्थानीय लोगों और समाजसेवी संगठनों ने मिलकर एक मुहिम छेड़ते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं और उनके समर्थन में अब स्थानीय स्कूली बच्चों ने भी समर्थन देते हुए गौरव पथ मार्ग पर अपनी पढ़ाई करते हुए मार्ग पर दौड़ रहे कोयले से लदे भारी भरकम वाहनों के परिवहन और परिचालन पर रोक लगाने अपनी आवाज बुलंद की हैए अब देखना होगा कि गौरव पथ मार्ग जो दीपका नगर का गौरव बढ़ाते हुए लोगों को शुभम मार्ग देता है उसे अब मुक्त कराया जाता है या फिर हमेशा की तरह आश्वासन का लाली पाप दिया जाता है।





# बागबहार उप तहसील को पूर्ण तहसील की सौगात मिलते ही पत्थलगांव कोतबा एवं बागबहार के क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

## लोग एक दूसरे को बधाई देते नजर आए

जोहार छत्तीसगढ़-पालाडीह।



प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा इसके वंर्चुअल उद्घाटन के दौरान पत्थलगांव में जनपद के सभागार में विधायक रामपुकार सिंह,शेखर त्रिपाठी,हर गोविंद अग्रवाल,कुलविंदर सिंग भाटिया, पवन अग्रवाल,,रत्ना पैंकरा,, पूनम पैंकरा,रविंद्र सिंग भाटिया, वीरेंद्र एक्का, अशोक अग्रवाल,प्रेम गुप्ता, पंकज शर्मा, भागीरथी गुप्ता,भगवती सिंह,मोनू, विजय गुप्ता, रवि गुप्ता,मनोज तिवारी, प्रवीण शर्मा,अभिजीत, गणेश अग्रवाल,रविशंकर खुंटियां,सतीश अग्रवाल,अशोक गुप्ता,मनोरंजन सामंत,निशामुद्दीन खान,अंकित शर्मा,दिनेश राठौड़, बुधियारीन सोनी,मनोज अग्रवाल भगत बंजारा,उज्ज्वल, मेरी तिर्की, रीना टोप्पो,राजेंद्र अग्रवाल, रोशु फटवानी,समेत अन्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संचालित करने हेतु एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी,तहसीलदार सुनील अग्रवाल, जप सीईओ पवन पटेल नायब तहसीलदार गणेश सिदार समेत अन्य कर्मचारी डटे रहे।



# प्रतिबंध के बाद भी उफनती नदी से निकाल रहे रेत, कार्रवाई के नाम पर टास्कफोर्स की औपचारिकता

**कोरबा** । ग्रीन ट्रिब्यूनल के प्रतिबंध के बाद भी उफनती नदी से रेत निकाली जा रही रही है। कटघोरा के निकट ग्राम डुड़गा से लगे अहिरन नदी में सुबह से रेत निकालने के लिए ट्रैक्टर की कतार लग जाती है। पांच हजार रूपये ट्रैक्टर में बिक रहे रेत को लेकर माफिया सक्रिय हो गए हैं। रेत चोरी के लिए मजूदरों के जान को जोखिम में डाला जा रहा है। खुलेआम हो रही रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन ने जिला खनिज विभाग के अधिकारियों के निष्क्रयता की पोल खोल कर रख दी है। जिले में खंड वर्षा का दौर जा रही है। ऐसे में छोटे नदी व नालों में पानी का बहाव बढ़ गया है। इसके साथ ही नदी में रेत आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। नदियों के तटों को काटकर वाहन ट्रैक्टर व अन्य वाहनों के आवागन के लिए राह बनाया है। बींझपुर, जटांगपुर, डुड़गा, कसनिया आदि ऐसी जगह हैं जहां दिन रात रेत की ढुलाई ट्रैक्टर से हो रही है। उपनगरीय क्षेत्र के अलावा शहरी के निकट से होकर निकलने वाली हसदेव नदी से भी रेत का उत्खनन किया जा रहा रहा है। दिन में नदी से रेत निकाल कर कोरबा चांपा मार्ग किनारे डंप कर दिया जाता है, जिसे रात में परिवहन किया जाता है। बताना होगा कि वर्षा जारी होने के कारण खनिज ने 15 जून से 16 अक्टूबर तक नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अनुसार रेत की खुदाई और परिवहन प्रतिबंधित है। इसके बाद भी घाटों से गीले रेत को निकालने का क्रम जारी है। पूरे मामले मे गौर किया जाए तो खनिज माफिया संगठित होकर रेत परिवहन कर रहे हैं। अवैध परविहन का दुखद पहलू यह कि वाहन मालिक मजदूर व चालक को अधिक मजदूरी का लालच देकर उनके जान को जोखिम में डाल रहे है।

# 12 करोड़ की रंगदारी सरपंच की सीट पर बैठकर करता है वसूली, खुद को बताता सरपंच

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

ग्राम पुटेकेला खसरा नं 705 की संपूर्ण भूमि को ग्राम पंचायत पुटेकेला द्वारा प्रस्तावित कर काइम मुक्त मीडिया एसोसियेशन दिल्ली की गैर सरकारी संस्था को दिया गया है जिसकी सभी प्रक्रियाएं पूर्ण तरह विधि सम्मत से पूरी की जा रही है एक वर्ष तक नियमानुसार तहसील बाराद्वार में इसका प्रकरण चला है और भूमि की कीमत भी सरकार द्वारा तय कर दी गई है जिस पर संस्थान की स्वीकृति है गौरतलब है कि इस भूमि पर संस्था द्वारा एक डिग्री कालेज की और एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण किया जाना तय है और भी अनेक जनहित के कार्य नियमित किए जायेंगे। 14 अगस्त 2023 को सुबह संस्था के प्रधान अध्यक्ष द्वारा भूमि पूजन भी संपन्न कर दिया गया है जब भूमि पूजन करके वापस आ रहे थे। एवं संस्था द्वारा भूमि तक पहुंच मार्ग बनाया जा रहा था। उसे राजेश जायसवाल द्वारा गुंडागिरी दिखाते हुए रुकवा दिया गया है और संस्था के लोगों को जिसमें महिला भी सम्मिलित थी उन सभी को कोटवार और सचिव और राजेश

**ग्राम कोटवार और सचिव इस कांड के सह हिस्सेदार, थाने नगरदा में लिखित शिकायत**

जायसवाल के द्वारा जबरन अपहरण करते हुए ग्राम पंचायत पुटेकेला ले जाकर मुजरिम की तरह बैठाया गया जायसवाल खुद को सरपंच बता रहा था और सचिव,कोटवार और उनके उसका साथ दे रहे थे। राजीश जायसवाल सरपंच की सीट पर बैठकर संस्था के लोगों को डरा धमका रहा था उसके द्वारा संस्था के सदस्यों से बारह करोड़ पचास लाख रुपए दो अन्यथा इस जमीन पर नजर नहीं आना चाहिए अन्यथा जान से मार दूंगा इस प्रकार धमकियों दी गई एवं वहां काम कर रहे मजदूरों के औजार भी छीन लिए उन्हें डरा धमका कर भगा दिया गया। जबकि संस्था अपने स्वयं के व्यय पर दोनों और रोड बना रही है। यह रोड़ 5 किलोमीटर लंबी और 10 फीट चौड़ी बन रही है जिसका लाभ ग्रामीणों को भी आने जाने में संयुक्त रूप से काम आती उसे भी रुकवा दिया गया है। इस सब बातें से दुखी होकर संस्था चीफ अपने 50 करोड़ के प्रोजेक्ट को रायगढ़ जिले में बनाने का मन बना लिया है। अगर यह घटना नहीं होती तो इस ग्रामीण क्षेत्र का सर्वाधिक विकास तय था लेकिन अब वो अधर में लटक गई है और शायद कभी संभव नहीं हो पाएगा। एक व्यक्ति जो ना तो सरपंच है और ना ही कोई पंच और ना ही कोई सरकारी अधिकारी उसकी इतनी हिम्मत कि वह थाना प्रभारी नगरदा को अपना फ्रेंड बताता है। और आए दिन ऐसी रंगदारी करता है। पुलिस थाने नगरदा में लिखित में की शिकायत दर्ज करवाई गई है।

# अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को कार्य पर उपस्थित रहने संबंधी स्वास्थ्य अधिकारी ने जारी किया आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ ने 21 अगस्त 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को हड़ताल पर न जाकर अपने कार्य पर यथावत उपस्थित रहने हेतु आदेश जारी किया है। अन्यथा संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आदेशानुसार 11 जुलाई 2023 से लागू एस्मा 03 माह तक प्रभावी है। इसलिए एस्मा संबंधी कोई अलग से आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं है। उक्त आदेशानुसार छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार द्वारा, इस आदेश के जारी किये जाने के तारीख से अनुसूची के भाग क के सरल क्रमांक तीन में विनिर्दिष्ट श्लोक स्वास्थ्य,छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, से संबंद्ध समस्त कार्यों और स्वास्थ्य सुविधाओं की अत्यावश्यक सेवाओं में कार्यरत डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्य कर्मी तथा एम्बुलेंस सेवाओं में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी द्वारा कार्य करने से इंकार किये जाने का प्रतिषेध करती है।

# कृषि विभाग की टीम ने कनेटी में संचालित फर्म मेसर्स सुभाष कृषि केंद्र एवं तेज कृषि केंद्र में दी दबिश

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



सक्ती विकासखण्ड के ग्राम कनेटी में संचालित फर्म मेसर्स सुभाष कृषि केंद्र एवं तेज कृषि केंद्र के विक्रय फर्म पर कृषि विभाग की अनुभाग स्तरीय टीम ने विगत दिवस दबिश दी। जांच के दौरान मेसर्स सुभाष कृषि केंद्र कनेटी के फर्म के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सम्बन्धित के फर्म पर कुल 5 कृषि उत्पाद के स्त्रोत प्रमाण पत्र, उनके वैध अनुज्ञप्ति में इंद्राज न होने विक्रय स्थल पर कालंतित दवा का भंडारण नियत स्थल पर न होने व कार्यालय उप संचालक कृषि से प्रसारित आदेश के तहत जिसमे एक कृषि उत्पाद का नमूना परिणाम अमानक हो जाने के कारण उक्त उत्पाद समान बैच के दवा का भंडारण होने के कारण आगामी आदेश पर्यन्त तक विक्रय प्रतिबन्ध कर जांच के दौरान पाई गई अनियमितता के आधार पर स्पष्टीकरण जारी किया गया। इसी प्रकार जांच के अगले क्रम में कनेटी में ही संचालित मेसर्स तेज कृषि केंद्र के विक्रय स्थल एवं भण्डारण स्थल का निरीक्षण किया गया। जहां पर कुल 4 कृषि उत्पादों का स्त्रोत प्रमाण पत्र वैध अनुज्ञप्ति में इंद्राज न पाए जाने एवं कुल 2 प्रतिबंधित कीटनाशक औषधि का भंडारण पाया गया व जांच के दौरान पाई गई अनियमितता के आधार पर सम्बन्धित को स्पष्टीकरण जारी किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान कृषि विभाग से कृतराज अनुविभागीय कृषि अधिकारी,जेके साहू विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षक,अंजू गवेल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवम कृषि विभाग की अन्य टीम उपस्थित थी।

# भारतरत्न राजीव गांधी के जन्मदिन पर कलेक्टोरेट सारंगढ़ में किया सद्भावना शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिन के अवसर पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्रदेव राय की उपस्थिति में सद्भावना दिवस का सामूहिक प्रतिज्ञा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, वन मंडलाधिकारी गणेश यू.आर. एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# संदिग्ध अवस्था में मिले दो लोगों के शव, जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर** । पचपेड़ी थाना क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में दो लोगों के शव मिले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। दरअसल, पचपेड़ी थाना प्रभारी विवेक पाण्डेय ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम बसंतपुर से कुछ दूरी खेत के पास एक ही गांव के रहने वाले हैं दो लोगों के शव मिले हैं और दोनोंशाम सात बजे के आसपास अपने घर से खेत तरफनिकले थे।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की ब्लॉक स्तरीय स्पर्धाएं शुरू

## दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेल में हुनर दिखा रहे खिलाड़ी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विकासखंड स्तरीय स्पर्धाएं जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में शुरू हो गई हैं। इसमें जोन स्तर के विजेता खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। यह प्रतियोगिता 18 से अगस्त से 23 अगस्त तक चलेंगी। इस स्तर के विजेता आगे 27 अगस्त से शुरू होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाएंगे जो 04 सितंबर तक चलेगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के पहले त्योहार हरेली पर 17 जुलाई से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत हुई है।

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को मंच

**ब्लॉक स्तर के विजेता खिलाड़ी 27 अगस्त से जिला स्तरीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल**

प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। यह खेल प्रतियोगिता 6 चरणों में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के ओलंपिक में एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोड़ा गया है। प्रतियोगिता का समापन 27 सितंबर 2023 को होगा।

### दो श्रेणियों में 16 प्रकार के खेलों को किया गया है शामिल

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठुल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

### प्रत्येक आयु वर्ग के प्रतिभागी ले रहे हिस्सा

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

**6 चरण में हो रही प्रतियोगिता, विजेताओं को दिया जाएगा पुरस्कार**

### 6 चरण में हो रही प्रतियोगिता

*छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन 6 चरणों में किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर से आगे की स्पर्धाओं में विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कार भी प्रदान किए जायेंगे। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से आयोजित की गई। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक जोन बनाया गया। जिसके पश्चात विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर पर आयोजन 27 अगस्त से 04 सितंबर तक होगा। इसके पश्चात संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक किया जाएगा।*

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने न्याय योजनाओं के हितग्राहियों को 2055.60 करोड़ रूपए का किया ऑनलाईन भुगतान

राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राही हुए लाभान्वित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



## 18 नवीन तहसीलों और 13 अनुविभागीय कार्यालय का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के अवसर पर महासमुंद के हाई स्कूल मैदान में न्याय योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों किसानों, मजदूरों, ग्रामीण व पशुपालकों को 2055.60 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन भुगतान किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय विकास विभाग मंत्री डॉ.शिव डहरिया, आदिम जाति जनजाति विकास विभाग मंत्री मोहन मरकाम, राज्यसभा सांसद फूलोदवी नेताम एलोकसभा सांसद दीपक बैज सहित छत्तीसगढ़ शासन संसदीय सचिव, विधायक समेत अनेक जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्री राजस्व, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, पंजीयन एवं स्टाम्प ड्यूटी छत्तीसगढ़ शासन जयसिंह अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप, आयुक्त नगरनिगम सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू सहित अन्य अधिकारी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए।

### राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत कोरबा के किसानों को 37 करोड़ 21 लाख रुपए से अधिक का भुगतान

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के हितग्राहियों को योजना की दूसरी किश्त के रूप में 1810 करोड़ रूपए का भुगतान किया। इस राशि को मिलाकर राजीव गांधी किसान न्याय योजना के 24.30 लाख किसानों को अब तक 21 हजार 912 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी का भुगतान किया जा चुका है। 'इस योजना के तहत कोरबा जिले के 45 हजार 480 किसानों को दूसरी किस्त के रूप में 37 करोड़ 21 लाख रुपए से अधिक का ऑनलाइन भुगतान किया गया।

### राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ष्राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजनाष् के हितग्राहियों को दूसरी किश्त के रूप में 168.63 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया। इस राशि को मिलाकर योजना के 5.6 लाख हितग्राहियों को अब तक 758.03 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।



कोरबा जिले के 10 हजार 81 हितग्राहियों को 3 करोड़ 2 लाख 43 हजार रूपए का ऑनलाइन भुगतान किया गया। जिनमें 9923 ग्रामीण क्षेत्र के और 158 हितग्राही शहरी क्षेत्र के शामिल हैं। कार्यक्रम में बघेल ने राजीव युवा मितान क्लबों को 66.21 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण किया। युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए राज्य में गठित किए 13 हजार 242 क्लबों को अब तक 132.48 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 9.65 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया। इस राशि को मिलाकर योजना के तहत अब तक महिला स्व.सहायता समूहों, गौठान समितियों और ग्रामीणों को 551.31 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

बघेल ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री परब सम्मान निधि योजना के तहत गैर अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को 1.11 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण किया। इस राशि को मिलाकर 6111 ग्राम पंचायतों को स्थानीय उत्सवों को मनाने के लिए 6.11 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 18 नवीन तहसीलों एवं 13 अनुविभागीय कार्यालयों का वीडियो कॉन्फ्रें स से शुभारंभ किया। इन्हें मिलाकर प्रदेश के 33 जिलों में 122 राजस्व अनुविभाग तथा 250 तहसील हो गए है।

## एक नजर

### नौकरी लगाने के नाम पर तीन लाख की ठगी करने वाला आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।




नौ साल पहले भारतीय स्टेट बैंक में चपरासी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता की नौकरी लगाने के नाम पर तीन लाख रुपये की ठगी करने के आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी संतोष कश्यप निवासी खिसोरा द्वारा गत 19 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वर्ष 2014 में आरोपी पुनीराम कश्यप निवासी अमोरा द्वारा प्रार्थी के पुत्र मनबोध कश्यप एवं गजानंद कश्यप को भारतीय स्टेट बैंक में चपरासी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता में नौकरी लगाने के नाम पर तीन लाख रूपयें लिया था। आज दिनांक तक नौकरी नहीं लगाया है और पैसा को मांगने पर नही दे रहा है। जिसकी सूचना पर आरोपी के विरूद्ध थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 235/ 2023 धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी पुनीराम कश्यप उम्र 55 वर्ष निवासी अमोरा को घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने अपराध घटित करना स्वीकार किया। धोखाधड़ी करने संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुये त्वरित कार्यवाही करते हुये नवागढ़ पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक तुलसिंह पट्टावी थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना नवागढ़ स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### कोरबा के कनकेश्वर धाम में गिरी बिजली, मनिहारी दुकान का संचालक झुलसा, 6 से ज्यादा पक्षियों की मौत

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आकाशीय बिजली गिरने का मामला सामने आया है। लगातार बिगड़ते मौसम के बीच ग्राम कनकी स्थित कनकेश्वर धाम में आकाशीय बिजली गिरी। सावन के महीनें में यहां भक्तों की काफी भीड़ रहती है। बिजली गिरने से यहां पहुंचे एक मनिहारी दुकान का संचालक झुलस गया। यहीं नहीं बिजली जिस पेड़ पर गिरी उस पेड़ पर बैठे आधा दर्जन से ज्यादा प्रवासी पक्षियों की मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक, कोरबा के प्रसिद्ध कनकेश्वर धाम में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यापारी झुलस गया और करीब आधा दर्जन प्रवासी पक्षियों की मौत हो गई। झुलसे व्यापारी को उपचार के लिए शहर के निजी अस्पाल में भर्ती किया गया है। सावन के पवित्र महिने के दौरान मंदिर परिसर में मेला लगा हुआ है जहां अचानक मौसम का मिजाज बदला और बारिश शुरू होने के बाद बिजली कड़कने लगी। इस दौरान तेज आवाज के साथ पेड़ बिजली गिरी। जिससे कई पक्षियों की मौत हो गई। वहीं मनिहारी की दुकान लगाने वाले करतला निवासी नीलकंठ केंवट की दुकान में आग लग गई जिससे वह झुलस गया।

### सरेआम शराब पीते 32 लोग पकड़ाए

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 32 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना तालाब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कमल साहू 32 वर्ष, नीलकण्ठ धीवर 32 वर्ष व संतोष धीवर 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने आरोपी अमर यादव 35 वर्ष व मोवा पुलिस ने आरोपी टीकम पटेल 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# ब्लाक के लोग स्वस्थ रहे सीएचसी में रूद्राभिषेक

पर्यावरण प्रेमी ने शिव मंदिर में त्रिशूल किया स्थापित

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग परिसर में स्थित शिव मंदिर में रूद्राभिषक किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनिल रेड्डी,चिकिसा अधिकारी एसएस गुप्ता एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में सहमति से यह धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। वही कर्ता के रूप में नेत्र सहायक शेषनारायण पात्र अभिषेक में पूजा पर बैठे वही पं संजय शर्मा ने पूजक के रूप मे अभिषेक कराया। पर्यावरण प्रेमी ने विशाल त्रिशूल किया भेंट सीएचसी देवभोग में अपने सेवा अवधि के दरम्यान चार हजार से अधिक वृक्ष लगाने वाले बीईटीओ आर सी वर्मा ने रूद्राभिषेक में बड़े आकार का त्रिशूल भेंट किया जिसे बीएमओ व अन्य अधिकारी कर्मचारीयों की उपस्थिति में मंदिर में स्थापित किया गया। पर्यावरण सुरक्षा से लेकर धार्मिक अनुष्ठान तक में पर्यावरण प्रेमी वर्मा का विशेष योगदान रहता है। और इन सब आयोजन में स्वयं के वेतन से खरा करते है। बतौर कवि के रूप में भी क्षेत्र में इनकी कविताये प्रचलित है और अनेक पुरूस्कार इन्हें मिल चुका है।

# एकता में ही शक्ति है चमार समाज एकता मिशन का मकसद

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



बीजापुर जिला के अंतिम सीमा वर्ती क्षेत्र तेलंगाना राज्य के निकट बीजापुर जिले की ग्राम पंचायत पामेड़ में चमार समाज एकता मिशन का बैठक रखा गया था। जिसमें चमार समाज संगठन ग्राम स्तर का निर्माण किया गया है जिसमें उपस्थित संगठन के सभी सदस्यों के सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया गया है इस बैठक के निर्णय अनुसार,उदय कुमार कवलूर को अध्यक्ष, सुमन कोप्पूल को उपाध्यक्ष व संदीप कोप्पूल को कोषाध्यक्ष चूना गया एवं इस कार्यक्रम में माइक संचालक प्रसाद चन्नम श्रीनिवास कोप्पूल एवं वंकायला चंद्रया के नेतृत्व में उपस्थित ग्राम समाज के सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। जिसमें महिलाएं एवं पुरुष काफी संख्या में शामिल होकर बीजापुर जिले से आये हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। जिसमें उसूर ब्लॉक के लगभग बीस लोगों की संख्या में सदस्य एवं विशेष प्रमुख शामिल हुए हैं, प्रभाकर चिप्पनपल्ली उसूर से ईलमिडी से चन्नम नागेश भोपालपटनम से चेताल समैया,दुन्ना नागेश, तोयनार बीजापुर से चमार समाज एकता मिशन का रजिस्ट्रेशन पर अनुच्छेद 15, समता का अधिकार पर विशेष चर्चा की गई

इस वर्ष चुनाव से पूर्व आचार संहिता लगने से पहले ग्राम स्तर का ब्लॉक स्तर का अंतिम जिला स्तर का अध्यक्ष उपाध्यक्ष वोटिंग के माध्यम से चुनाव किया जाएगा तभी हमारा संगठन मजबूत होगा समाज विकास की ओर बढ़ेगाऔर संगठित रहने की संघर्ष करते शिक्षित बनने का संदेश को दिया। उस कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में मानव आयोग ब्लॉक अध्यक्ष सुधाकर आईला पब्लिक डिपार्ट भोपालपटनम ने समाज का विकास को लेकर,मुख्य 4 बिंदुओं पर चर्चा की है। पहले समाज में नशा मुक्ति अभियान चलाना होगा कुछ लोगों के नशा करने के द्वारा अपने-अपने परिवारों में अशांति फैला रहे हैं परिवार का भविष्य खराब हो रहा है।

समाज में बेरोजगारी की समस्या खत्म करना होगा हर कोई शासन प्रशासन देने वाले योजनाओं का लाभ उठाना होगा। समाज के गरीब जो लोग स्वस्थ सुविधाओं में दिक्कतों का सामना कर रहे हैं उन्हें आर्थिक सहयोग करना होगा। हमारे समाज के लोग देश विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए या रोजगार के लिए आगे बढ़ना होगा जिसमें आप सभी लोगों का मदद करने के लिए शासन-प्रशासन से मांग करेंगे।



# तरडा के स्कूली बच्चों ने किया रीपा गोठान का शैक्षणिक भ्रमण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के मार्गदर्शन में विकासखंड पुसौर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला तरडा के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम तरडा स्थित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का भ्रमण किया गया। विद्यार्थियों को रीपा में संचालित कार्यों से प्रधान पाठक व रीपा नोडल द्वारा विस्तार से अवगत कराया गया कि रीपा क्या है और क्यों छत्तीसगढ़ शासन ने इसे स्थापित किया है। रीपा केंद्र में कौन-कौन सी गतिविधियां संचालित है। रीपा भ्रमण के दौरान बच्चों ने रीपा में संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे इलेक्ट्रिक सिलाई मशीन द्वारा व्यापक रुप से चल रहे सिलाई कार्य, लेथ एवं हार्डवेयर वेल्डिंग वर्क, सम्बलपुरी वस्त्र बुनाई, मशरुम उत्पादन, झारा शिल्प कार्य (बेल मेटल), लोक सेवा केन्द्र, फोटोग्राफी व विडियोग्राफी सेंन्टर के कार्यो को देखा और उनकी क्रियाविधि को समझने का प्रयास किया। शैक्षिक परिभ्रमण के दौरान बच्चों ने खूब आनंद उठाया। बच्चों ने रीपा कैन्टीन से अपनी मनपसंद चाकलेट व चिप्स भी खरीदे और इसका लुफ्त उठाया। इस तरह के शैक्षिक परिभ्रमण से बच्चों को एक दूसरे के साथ बातचीत करने और सीखने में सक्षम बनाने का वातावरण निर्मित हुआ है। रीपा के माध्यम से किस प्रकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, इस संबंध में सरल तरीके से बच्चों को जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि एनईपी 2020 में ज्ञान को बाहरी वातावरण से जोड़कर अनुभवात्मक सीखने तथा बच्चों को तैयार करने के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर सरकार की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बारी से परिचित करवाने हेतु यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालित भ्रमण कार्यक्रम की जानकारी होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल ने प्रसन्नता जाहिर कर सभी विद्यालयों को भी अपने स्कूल के पास के किसी भी शैक्षणिक स्थल के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं ज्ञानवर्धक स्थलों पर बच्चों को ले जाने का सभी शैक्षणिक संस्था प्रमुखों से आग्रह किया। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के मौके पर निरंजन पटेल, पूर्व सरपंच, रुपलाल, गोठान समिति अध्यक्ष, ऋषिकेश पटेल (नोडल रीपा तरडा), जानकी साहू, एनआरएलएम जनपद पंचायत पुसौर व बेला चौहान, संगठक बिहान परियोजना, स्कूल के प्रधान पाठक रुद्र शर्मा एवं समस्त शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला तरडा एवं ग्रामीण जनउपस्थित रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर जिले के किसानों, कृषि मजदूरों, पशुपालकों और महिला समूहों के 1 लाख 91 हजार 571 हितग्राहियों को 71 करोड़ 9 लाख 40 हजार रूपए की मिली सौगात

# राजीव युवा मितान क्लब के तहत जिलें के 740 क्लब को 1 करोड़ 85 लाख रुपये अंतरित

पशुओं के लिए मिला 5 नये मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब और राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना ग्रामीण एवं शहरी के तहत हितग्राहियों और किसानों को महासमुंद स्थित हाई स्कूल परिसर से पूरे राज्य के विभिन्न हितग्राहियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 2055.60 करोड़ रुपये राशि का अंतरण किया। इसके तहत जिले के किसानों,कृषि मजदूरों,पशुपालकों और महिला समूहों के 1 लाख 91 हजार 571 हितग्राहियों को 71 करोड़ 9 लाख 40 हजार रूपए का हस्तांरण किया गया है। उक्त कार्यक्रम में संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष एवं पलारी स्थित जनपद पंचायत कार्यालय में विडियों क्रान्फेसिंग जरिए जुड़कर संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने आज राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत जिले के 1 लाख 49 हजार 166 किसानों को उनके बैंक खातों में 71 करोड़ 9 लाख 40 हजार रूपये की द्वितीय किस्त के रूप में राशि अंतरित की गई। इसी तरह राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत जिले के 25 हजार 142 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त के रूप में 3 हजार प्रति परिवार के हिसाब से 7 करोड़ 54 लाख 26 हजार रुपए की राशि अंतरित की। जिसमे ग्रामीण के 22 हजार 195 एवं शहरी के 2947 हितग्राही शामिल है। इसी तरह गोधन न्याय योजना के तहत जिले के 17 हजार 263 पशुपालको को 18 लाख 20 हजार 175 रुपए की राशि दी गई। साथ ही राजीव युवा मितान क्लब के 740 क्लब को 1 करोड़ 85 लाख रुपये राशि अंतरित की गयी। इसी के साथ आज अनुविभाग बलौदाबाजार से अलग होकर पलारी को नया अनुविभाग का दर्जा देते हुए कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। साथ ही पशुओं के लिए 5 नये मोबाइल एंबुलेंस यूनिट भी प्रदान किया गया है जिसकी तैंनाती सभी विकासखंडों में एक एक कि होगी। उक्त मौके पर पलारी में संसदीय सचिव एवं कसडोल विधायक सुश्री शकुंतला साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा,रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर,साहू समाज जिला अध्यक्ष सुनील साहू, अपर कलेक्टर बीसी एक्का,एसडीएम रोमा श्रीवास्तव,सीईओ रोहित नायक,तहसीलदार देवेंद्र नेताम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। इसी तरह जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर चंदन कुमार,जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन,उपसंचालक नायक सहित बड़ी संख्या में लाभांवित हितग्राही उपस्थित रहे। आज राशि हस्तांरण होने पर राजीव गांधी ग्रामीण किसान न्याय योजना से लाभान्वित ग्राम देवरी सकरी निवासी किसान कंस राम साहू ने बताया कि 6 एकड़ में धान की खेती करते हैं। इस वर्ष 84 क्विंटल,धान समर्थन मूल्य में बेचा है। जिससे बोनस के रूप में मुझे 12 हजार रुपये आज मिला है। उन्होंने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत धान का अतिरिक्त राशि मिलने से आर्थिक रूप से काफ ी मदद मिलने की बात कही तथा अगले वर्ष से 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा करने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिए।


### पलारी के पहले एसडीएम होंगे रोमा श्रीवास्तव

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार आईएएस रोमा श्रीवास्तव को कलेक्टर चंदन कुमार ने पलारी का प्रभारी एसडीएम नियुक्त किया है। पलारी अनुविभाग के अंतर्गत अब तहसील कार्यालय पलारी एवं उप तहसील संडी का क्षेत्र शामिल होगा।

# धरमजयगढ़ क्षेत्र से कई होनहार विद्यार्थियों का एमबीबीएस में चयन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए होने वाले नीट परीक्षा में धरमजयगढ़ क्षेत्र के कई विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। जिन्हें राज्य के अलग-अलग मेडिकल कॉलेज में स्थान मिला है।



पहली बार धरमजयगढ़ क्षेत्र से एक साथ कई विद्यार्थियों का एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है। जो क्षेत्रवासियों के लिए गौरव की बात है। एमबीबीएस के लिए चयन होने वाली छात्रा संध्या महंत निवासी क्रिंधा,हरिशंकर दास महंत व लालकुमारी महंत की पुत्री है। पिता हरिशंकर पेशे से शिक्षक व माता लालकुमारी स्टाफ नर्स हैं। संध्या की शिक्षा प्राथमिक शाला चाल्हा में कक्षा पहली डॉल्फिन इंटरनेशनल स्कूल रायगढ़ पुनः में फिर से पहली दूसरी, लायंस पब्लिक स्कूल रायगढ़ में तीसरी से दसवीं, दसवीं कक्षा में 99.5: सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में, उसके बाद संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ से 11 वीं एवं 12वीं की परीक्षा 98.4: से उत्तीर्ण की है।

जिसके बाद नीट परीक्षा में 555 अंक प्राप्त कर कोरबा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है। वहीं धरमजयगढ़ के प्रतिष्ठित व्यापारी हर्ष होंडा मोटरसाइकिल एजेंसी के संचालक अजय अग्रवाल के सुपुत्र हर्ष अग्रवाल ने नीट परीक्षा 593 अंक हासिल किया है। जिनका बलिराम कश्यप मेडिकल कॉलेज जगदलपुर के लिए चयन हुआ है। वहीं नगर की होनहार छात्रा पूजा गुप्ता ने भी प्रथम प्रयास में सफलता हासिल की है। जिनका एमबीबीएस पढ़ाई के लिए सिम्स बिलासपुर में चयन हुआ है। पूजा गुप्ता नीचेपारा धरमजयगढ़ निवासी रामनाथ गुप्ता की सुपुत्री हैं। ग्राम दर्रीडीह निवासी पेशे से शिक्षक निरंजन गुप्ता के सुपुत्र शैलेष गुप्ता ने भी नीट परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिनका एमबीबीएस पढ़ाई के लिए मेडिकल कॉलेज कोरबा के लिए चयन हुआ है। क्षेत्रवासियों ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर मेडिकल कॉलेज के लिए चयन होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

# सावन महीने भर पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक अंबेटिकरा परिसर में



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

सावन माह में जहां पूरा वातावरण शिवमय लगता है। वहीं शिवालयों में तो भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है। भक्त भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने अनेक तरह से पूजा अर्चना करते हैं।

धरमजयगढ़ के अंबेटिकरा परिसर में मांड नदी के पावन तट पर राम जानकी मंदिर के पास आचार्य मुनेश्वर दुबे द्वारा प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है। आचार्य मुनेश्वर दुबे ने बताया कि प्रतिदिन 51 सौ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाता है। जिसमें विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद प्रतिदिन 13 हजार बिल्वपत्र चढ़ाया जाता है। वहीं सावन माह के प्रति सोमवार को महारुद्राभिषेक किया जाता है। जिसमें क्षेत्र के अनेक भक्तगण परिवार सहित शामिल होते हैं। दुबे ने बताया कि इस पूजा अर्चना के लिए 356 जजमानों ने सहयोग किया है। विगत कुछ वर्षों से भक्तों के सहयोग यह आयोजन किया जा रहा है। अपने नाम से प्रतिदिन बेलपत्र चढ़ाने के लिए पहले से पंजीयन कराना होता है। लेकिन पूजा अर्चना के लिए सभी शिव भक्त शामिल हो सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने नवीन तहसील कापू का किया वर्चुअल शुभारंभ

## शासन द्वारा प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण से जनसामान्य को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले में प्रशासनिक इकाईयों के सुदृढ़ीकरण एवं चहुमुंखी विकास के लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के अवसर पर वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से नवीन तहसील कापू का शुभारंभ किया।



वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम में धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि कापू के नई तहसील बनने से यहां के लोगों को राजस्व संबंधी तथा अन्य कार्यों के लिए सुविधा मिलेगी एवं आसानी से कार्य होंगे। शासन द्वारा प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण किए जाने का प्रत्यक्ष लाभ जनसामान्य को मिलेगा।

नवीन तहसील कापू की भौगोलिक सीमाएं उत्तर एवं पश्चिम में तहसील मैनपाट, जिला सरगुजा, दक्षिण में तहसील धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ पूर्व में तहसील पत्थलगांव, जिला-जशपुर की सीमा से लगी हुई है। गठित नवीन तहसील कापू में कुल ग्रामों की संख्या 60 है। जिसमें ग्राम पंचायत 41, जिसका क्षेत्रफल 326.48 वर्ग किलोमीटर है। कुल पटवारी हल्का नंबर 20 है। प्रस्तावित तहसील की कुल जनसंख्या प्रतिशत 62548 है।

वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष पुनीत कुमार राठिया, उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, एसडीएम डिगेश पटेल, धरमजयगढ़ तहसीलदार भोजकुमार डहरिया, कापू तहसीलदार उज्जवल पाण्डेय, सीईओ जनपद शिवकुमार टंडन, आरआई, पटवारी एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।




# 1 लाख 17 हजार मतदाताओं ने एक दिन में लिया मतदाता शपथ

## मतदान केन्द्रों में नजर आया मतदाताओं का उल्लास और उमंग

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




जिले के नागरिकों के स्व.प्रेरणा से मतदाता जागरूकता अभियान के कार्यक्रम में सहभागिता करने से भारत निर्वाचन आयोग का मतदान का उद्देश्य जिले में पूरा होते नजर आ रहा है। इस मतदाता शपथ में सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17 के 345 मतदान केंद्र में 63 हजार 817 मतदाता, रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16 के 59 मतदान केंद्र में 7469 मतदाता और बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 के 247 मतदान केंद्र में 45 हजार 573 मतदाता, अन्य कार्यालयों में 257 मतदाता शामिल हुए। इस प्रकार कुल एक लाख 17 हजार 116 मतदाताओं ने एक दिन में निष्पक्ष मतदान देने के लिए शपथ लिया।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों कर्मचारियों, पत्रकारगणों और सारबिला अकादमी सारंगढ़ के नये मतदाताओं के साथ मतदाता शपथ ली। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा,नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आशीष बनर्जी, आयुर्वेद अधिकारी बीआर पटेल, एसीईओ संजू पटेल, पत्रकार यशवंत ठाकुर, भरत अग्रवाल, ओंकार केशरवानी, राजेश कुमार यादव उपस्थित थे।




इसी प्रकार जिले के सभी जनपद पंचायतों, नगर पंचायतों, स्वास्थ्य केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल के मतदान केन्द्रों, नगरपालिका सारंगढ़ सहित जिले के राजस्व, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, विद्युत कंपनी, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण आदि विभागों के तहसील एवं एसडीएम, परियोजना, बीईओ, डीईओ, रेंज, जिला, एसडीओ आदि कार्यालयों में मतदाता शपथ का सामूहिक आयोजन किया गया, जिसमें मतदाताओं का उल्लास और उमंग नजर आया। इस दौरान मतदाताओं से मतदान शपथ का फार्म भी भरा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ और निर्वाचन से जुड़े सभी रिटर्निंग अफसर आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मतदान हस्ताक्षर अभियान करने युवा और बुजुर्गों में लगी होड़

बरमकेला विकासखंड में मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान में युवा बुजुर्गों का हस्ताक्षर करने की होड़ उनकी उत्सुकता और खुशियों को उजागर करती है। ग्रामीण और शहरी मतदाता द्वारा अपने गली, मोहल्लों, मतदान केन्द्रों में स्वमेव पहुंचकर और कहीं बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ के आव्हान पर मतदान केन्द्रों में पहुंचकर सामूहिक मतदाता शपथ लिया गया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को जिले के स्कूल कॉलेज में आयोजित मतदाता शपथ में 10 हजार युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान 2 हजार युवाओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाया गया, जिसमें 12 सौ युवतियां थीं।

# संयुक्त शिक्षक संघ ने बीईओ एवं सीएमओ के प्रति जताया आभार



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

शिक्षक एल बी संवर्ग के लंबित स्थानीय समस्यायों का समाधान कर बीईओ धरमजयगढ़ आरएस सारथी एवं 10 वर्षो से लंबित समस्यायों का समाधान कर नगर पंचायत धरमजयगढ़ सीएमओ रामायण पाण्डेय नें एलबी संवर्ग शिक्षकों को अनुग्रहित किया है। जिससे शिक्षक एल बी संवर्ग मड्डे बहुत खुशी है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएस सारथी नें वर्तमान समय मड्डे लंबित शिक्षक एल बी संवर्ग के समयमान एवं पुनिरीक्षित एरियर्स का गणना करवाना, सेवा पुस्तिका का सत्यापन एवं एरियर्स राशि का भुगतान करवाना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण करवाया है द्य साथ ही लंबित मेडिकल अवकाश हो या अर्जित अवकाश का भुगतान करवाना हो एवं सभी एलबी संवर्ग के शिक्षकों के सभी समस्याओं का समाधान व्यक्तिगत रूचि लेकर करना। जैसे वर्तमान मे पदोन्नति प्राप्त किये सहायक शिक्षक एलबी से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला एवं शिक्षक एलबी एवं शिक्षक एलबी से प्रधान पाठक माध्यमिक शाला सभी पदोन्नत शिक्षकों का नया वेतनमान का निर्धारण कर भुगतान तत्परता से किया गया।वर्तमान मे सहायक शिक्षक एल बी से पदोन्नत शिक्षक एलबी के शिक्षकों को जून 2023 के एक माह का वेतन एरियर का भुगतान एवं सभी शिक्षक एलबी संवर्ग के जुलाई 2023 से बढ़े हुये 4 प्रतिशत डीए का तत्परता से अगस्त 2023 में ही भुगतान करवाया गया है द्य इन सभी कार्यों से बीईओ सारथी का शिक्षक एल बी संवर्ग के समस्यायों के समाधान के प्रति तत्परता एवं संवेदनशीलता को दर्शाता है। उनके कार्यशैली से शिक्षक एल बी संवर्ग संतुष्ट है। जिससे संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई धरमजयगढ़ उनके प्रति आभार सह हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं नगर पंचायत धरमजयगढ़ सीएमओ रामायाण पाण्डेय ने पदभार ग्रहण करते ही व्यक्तिगत रूचि लेकर शिक्षक एल बी संवर्ग के 10 वर्षो से लंबित कार्य सेवा पुस्तिका सत्यापनए समयमान एवं पुनिरीक्षित वेतनमान का भुगतान करवाना, लंबित परीक्षा अनुमति प्रदान करना, सेवा पुस्तिका को पूर्ण रूप से अपडेट कर सम्बंधित डीडीओ को सौंपना जैसे अनेक समस्यायों का समाधान कर शिक्षकों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराया है। जिसके लिए संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई धरमजयगढ़ हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# कांग्रेस ,भाजपा में नये प्रयोग या पुराने को टिकट विन्द्रानवागढ़ में चुनावी हलचल शुरू

## दो दर्जन से अधिक नेता टिकट के लिये आजमा रहे अपनी किस्मत











जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

विस का चुनाव ज्यो-ज्यो नजदीक आ रहा है त्यों ही विन्द्रानवागढ़ में भी राजनीति हलचल तेज हो गयी है। भाजपा और कांग्रेस इन दो राष्ट्रीय पार्टी में पार्टी उम्मीदवारी करने दावेदारो की लम्बी लिस्ट देखी जा रही है। कुछ पुराने तो कुछ नये लोग टिकट के लिये कूद पड़े हैं। कहा जा रहा हैं कि भाजपा इस बार नया प्रयोग कर सकती है तो वही कांग्रेस पुराने पर अपना दांव खेल सकती है। नेता अपनी दावेदारी को पुख्ता करने कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश नेतृत्व से सम्पर्क तेज कर दिये है।

### कांग्रेस में तीन नौकर शाह भी दौड़ में शामिल

विस के चुनाव में दावेदारी करने दो नौकरशाह ने कांग्रेस का दामन थाम लिया तो वही एक वक्त की तलाश में हैं। जहां धमतरी के रूद्री पॉलीटेकनिक कालेज में प्राचार्य पद पर पदस्थ मुंगझर निवासी लोकेन्द्र कोमर्रा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया वही उप्र के लखनऊ में एफसीआई में डीएमसी पद पर पदस्थ रहे कांतीलाल पाथर ने अपने 250 समर्थको के साथ पार्टी में शामिल हुये है। वही माह भर पहले मार्केटिंग अफसर, के सिंग का नाम भी दौड़ में शामिल माना जा रहा था मगर उन्होंने इस दौड़ में अपने को किनारा कर लिया है।

### बाबा के दावेदारी से भाजपा में सियासी पारा ऊपर

भाजपा में गोवधन मांझी डमरूधर पुजारी भागीरथी मांझी हलमन ध्रुवा रामरतन मांझी इन 05 पुराने दावेदारो के बीच सनत मांझी अभिमन्यु ध्रुव सहित 03 नये चेहरे के बीच कांडसर वाले बाबा उदयनाथ की दावेदारी से सभी सकते में है। माना जा रहा है सन्यासी बाबा संघ की पहली पसंद है और उनके 27 सौ से अधिक अनुयायी परिवार भी बाबा को राजनिति में देखना चाहते है।

### नये प्रयोग से किसे फायदा किसे नुकसान

विन्द्रानवागढ़ विस भाजपा का अभेद किला रहा है भाजपा को हरबार नये प्रयोग करने पड़ते हैं और इस प्रयोग से भाजपा को सफलता भी मिला है। कार्यकर्ता और मतदाता भी नये प्रयोग पर मुहर लगाने की बात कह रहे है ऐसे में भाजपा इसबार नये चेहरे पर दांव खेल सकती है। वही कांग्रेस की बात करे तो 2013 और 2019 में नये चेहरे के प्रयोग से असफलता मिला है। बीते पांच वर्षो में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे जनक ध्रुव और संजय नेताम ने जनता के अच्छी पैठ बना ली है इसलिये इन दोनों को प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

### कांग्रेस भाजपा में कितने दावेदार

विन्द्रानवागढ़ विस में भाजपा से टिकट के दौड़ में पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी वर्तमान विधायक डमरूधर पुजारी,सहित भागीरथी मांझी हलमन ध्रुवा,रामरतन मांझी,सनत मांझी सहित सन्यासी उदयनाथ,जीतेन्द्र मांझी, पदुलोचन मांझी,अभिमन्यु ध्रुव,दीपेश दीवान है वही कांग्रेस से जनक ध्रुव, संजय नेताम,सेवन पुजारी,धनसिंग मरकाम लोकेन्द्र कोमर्रा, कांतिलाल पाथर प्रबल दावेदार है तो वही एक मार्केटिंग अधिकारी भी दौड़ में शामिल है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in